सुविचार

जिंदगी की हर सुबह कुछ
शर्तें लेकर आती है,
और जिंदगी की हर शाम कुछ
तजुर्बे देकर जाती है..!!

दैनिक **गरीबों का सितारा**

।। दशकों पुराना साथ।।

निष्पक्ष कलम – निर्भीक आवाज

RNI : RAJHIN13216/2005

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"

हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्षः 18 | अंकः 16 | पेजः 8 | मूल्य 01 रु. | जयपुर, रविवार 13 अगस्त, 2023 | Email: garibonkasitara@gmail.com

## विधायकों को नए आवास की सौगात...

**आवास सौगात :** मुख्यमंत्री ने किया 'विधायक आवास परियोजना' का लोकार्पण

# 'विधायक आवास परियोजना' के निर्माण से संवैधानिक मूल्यों को मिली मजबूती : मुख्यमंत्री

*आयुक्त पवन अरोड़ा के कुशल नेतृत्व की जमकर सराहना होते हुए आशियानों का सफरनामा पुस्तक का विमोचन भी हुआ*

**विधानसभा अध्यक्ष, नगरीय विकास मंत्री, नेता प्रतिपक्ष सहित मंत्रीगण और विधायकगण रहे मौजूद**

**मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, नगरीय विकास मंत्री और नेता प्रतिपक्ष ने की आयुक्त की कार्यशैली की मुक्त कंठ से प्रशंसा**

**मुख्यमंत्री ने कहा पवन अरोड़ा हैं करामाती, काम में उनका कोई नहीं सानी**



*सितारा न्यूज नेटवर्क*

*राजेंद्र शर्मा/जनीश सिंह*

**जयपुर।** राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा विधायक नगर (पश्चिम) में निर्मित अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त विधायक आवास परियोजना का मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को फीता काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और नगरीय विकास मंत्री शान्ति कुमार धारीवाल, नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ विशिष्ठ अतिथि रहे। साथ ही सभी मंत्रीगण और विधायकगण भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि कई फैसले ऐसे होते हैं, जो इतिहास में दर्ज हो जाते हैं। जयपुर में विधायक आवास परियोजना के निर्माण से प्रदेश का नाम इतिहास में दर्ज होगा। विभिन्न राजनीतिक दलों के विधायक इस आवास परियोजना में बैठकर सार्थक चर्चा कर सकेंगे। इससे लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि विधायक आवास परियोजना ने हमारी सरकार की इच्छा शक्ति से मूर्तरूप लिया है।





## पूरे प्रदेश में यह एक अनूठी परियोजना साबित होगी : आयुक्त अरोड़ा

इससे पूर्व आयुक्त पवन अरोड़ा ने इस परियोजना के बारे में ऑडियो विजुअल प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने कहा कि विधायक आवास परियोजना का निर्माण पूरे प्रदेश एक अनूठी परियोजना साबित होगी एवं यहां सभी सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि यह परियोजना 24 हजार 160 वर्ग मीटर भूमि पर बनाई गई है। इस परियोजना के निर्माण पर करीब 444 करोड़ रुपए की राशि व्यय होगी। मंत्रिमण्डलीय उप समिति द्वारा पहली ही बैठक में सर्व सम्मति से मण्डल द्वारा तैयार डिजाईन/परिकल्पना का अनुमोदन किया गया। इससे पूर्व आवासन आयुक्त पवन अरोडा ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। विधानसभा के प्रमुख शासन सचिव महावीर प्रसाद शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर राज्य मंत्रिपरिषद के सदस्य, विधायकगण, जयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त डॉ. जोगाराम सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### विधायकगणों के लिये एक अनूठी सोच

मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायक आवास परियोजना के बनने से विभिन्न राजनीतिक दलों के विधायकों में सहयोग व भ्रातृत्व की भावना बनी रहेगी। इससे लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों को मजबूती मिलेगी। वर्षों से लंबित विधायकों की आवास समस्या का समाधान करते हुए विधायक आवास परियोजना को मंजूरी दी। सभी के सहयोग से यह परियोजना आज साकार हो गई है। परियोजना में सम्पूर्ण फ्लैट्स पूर्ण सुविधाओं के साथ सुसज्जित तरीके से तैयार करवाये गये है। इतने बड़े प्रोजेक्ट का रिकॉर्ड 23 माह में पूर्ण होना ही अपने आप में एक आश्चर्यजनक बात है। उन्होंने कहा कि विधायक आवास परियोजना की सुविधाओं का लाभ वर्तमान विधायकों के साथ पूर्व विधायकों को भी मिलेगा। यह परियोजना प्रदेश की अनूठी, मनभावन और शानदार होगी।

### विधायकों की सुरक्षा का रखा गया विशेष ध्यान

मुख्यमंत्री ने बताया कि छह बहुमंजिले टॉवर (जी+8) में 3 हजार 200 स्क्वायर फीट वाले कुल 160 फ्लैट्स में विधायकगणों की सुरक्षा का विशेष रूप से ध्यान रखा गया है। पूरे परिसर के कॉमन एरिया (पार्किंग, ड्राइव वे, बेसमेंट, लिफ्ट) में 80 से ज्यादा अत्याधुनिक और हाई रेंज के सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। ऑटोमैटिक बूम बैरियर, बैग स्कैनर और मुख्य द्वार पर अंडर व्हीकल स्कैनर लगाया गया, जिसकी स्पाय आई किसी गडबड़ी पर तुरंत सिस्टम को अलर्ट करेगी। सुरक्षा के मामले में सबसे खास ह्यइंट्रूडर अलर्ट सिस्टमह्ल है, जिससे कोई भी अवांछित व्यक्ति भवन में यदि बिना अनुमति के प्रवेश करेगा तो अलार्म बज जाएगा। इसके अलावा 24 घण्टे सिक्योरिटी गार्ड्स का भी इंतजाम किया गया है।

### मौके पर ही स्थापित की गई गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला

मुख्यमंत्री ने बताया कि आवासन मण्डल ने विधायक आवास परियोजना के नाम से मौके पर शुरू से ही एक प्रकोष्ठ ही स्थापित कर दिया जिसमें अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता और टीम ने खुद खडे.होकर इस प्रोजक्ट का काम करवाया और उसके साथ ही गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला को भी मौके पर ही स्थापित किया गया। आवासन आयुक्त और चीफ इंजीनियर की टीम ने सैंकड़ों साइट विजिट की और इसे एक चैलेंज के रूप में लिया। इसको देखते हुए मैं यह कहूंगा कि ऐसी प्र्क्रिया अन्य विभागों को भी अपनानी चाहिए कि मौके पर ही सभी कार्यों को देख उन्हें पूरा किया जा सके।

### समय पर मंडल द्वारा कार्य पूर्ण करना वाकई काबिले तारीफ : विधानसभा अध्यक्ष जोशी

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी ने विधायक आवास परियोजना के विचार को मूर्त रूप देने एवं वित्तीय प्रावधान करने के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यहां विधायक एक-दूसरे के प्रति भ्रातृत्व की भावना को जिंदा रख पाएंगे एवं उनके आपसी संबंध प्रगाढ़ होंगे। उन्होंने आयुक्त की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में राजस्थान आवासान मण्डल की टीम ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना को समय पर पूरा किया वो वाकई काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि विधायक आवास परियोजना में जिस तरह काम किया गया है, वह सीखने वाली बात है। जोशी ने कहा कि परिसर में बच्चों के खेलते हुए स्क्ल्पचर भी आकर्षण का केन्द्र है, जो सबके लिये एक उल्लास का वातावरण बनाते हैं। परिसर के बीच ही शानदार फाउंटेन एवं म्यूजिकल वॉक-वे भी बनाया गया है जहां विधायकगण सुबह-शाम योगा व वॉक भी कर सकेंगे। पूरी तरह वाय-फाई सुविधा से लैस विधायक आवास में 25 ईवी चार्जिंग स्टेशन का भी निर्माण किया गया है, जिसमें सभी तरह के इलेक्ट्रोनिक व्हीकल्स को चार्ज किया जा सकेगा।

### अल्प समय में कार्यपूर्ण आयुक्त अरोड़ा की कुशल नेतृत्व : नेता प्रतिपक्ष राठौड़

नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने बहुप्रतीक्षित विधायक आवास परियोजना को मूर्त रूप देने एवं विधायकों को शिफ्ट करने के चुनौतीपूर्ण कार्य को अमलीजामा पहनाने के लिए विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री एवं नगरीय विकास मंत्री और आयुक्त पवन अरोडा को साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि राजस्थान देश का पहला राज्य है, जिसने विधायक आवास परियोजना के निर्माण की पहल की और रिकॉर्ड 23 माह में पूर्ण कर इसे विधायकगणों को सौंप दिया गया है।

## मुख्यमंत्री ने जमकर की आयुक्त की प्रशंसा, कहा करामाती हैं 'पवन अरोड़ा'



मुख्यमंत्री ने कहा कि आवासन आयुक्त करामाती हैं। काम के मामले में उनका कोई सानी नहीं है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत राजस्थान आवासन मण्डल के काम से काफी खुश नजर आए। उन्होंने कहा कि आयुक्त ने अपने काम से सभी को प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि आयुक्त पवन अरोडा ने मृत हो चुके आवासन मंडल को नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल के मार्गदर्शन में जिंदा कर दिया। उन्होंने कहा कि आज जब मैं पीछे मुड़ कर देखता हूं, तो मुझे लगता है कि यह एक उचित निर्णय था कि विधायक आवास परियोजना के निर्माण का कार्य जेडीए से हटाकर हमनें राजस्थान आवास मण्डल को सौंपा। जिस तरह की डिजाइन आवासन मण्डल ने तैयार की और जिस तेजी से कार्य को पूर्ण किया वह वाकई शानदार और मनभावन है। मंडल ने न केवल परियोजना को समय से पहले पूर्ण किया अपितु गुणवत्ता और खुबसूरती पर भी पूरा ध्यान दिया।

## योजना से जुड़े अधिकारी और संवेदक हुए सम्मानित



इस अवसर पर विधायक आवास योजना से जुड़े अधिकारी और संवेदकों का भी सम्मान किया गया। इस कड़ी में महावीर प्रसाद शर्मा सचिव राजस्थान विधान सभा, पवन अरोड़ा आवासन आयुक्त, के. सी. मीणा, मुख्य अभियन्ता (सेवानिवृत), संदीप गर्ग, निदेशक (परियोजना), संजय शर्मा, आवासीय अभियान्ता (परियोजना), अशोक व्यास, परियोजना अभियन्ता (वरिष्ठ), मैसर्स स्पेस विजार्ड आर्किटेक्ट प्राइवेट लिमिटेड, वास्तुविद सलाहकार, मैसर्स आइडियाज, वास्तुविद सलाहकार, मैसर्स एन. जी. गढ़िया, वास्तुविद सलाहकार, भारत भूषण जैन, मुख्य समन्वयक अधिकारी, हेतप्रकाश शर्मा, सहायक निदेशक (जनसंपर्क), मनीष कुमार जोशी, विशेषाधिकारी, विधानसभा, सतीश कुमार अगरावत, निजी सचिव अनिल कुमार माथुर, अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक और राजस्थान आवासन मंडल को बतौर संस्था भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान आवासन मंडल में विगत 4 वर्षों में किए कार्यो को खुबसूरती से दशार्ने वाली 'आशियानो का सफरनामा' पुस्तक का विमोचन भी किया गया।

## मण्डल के प्रति लोगों की जो भावना थी वह अब बदली : मंत्री धारीवाल

नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री शांति धारीवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का संवैधानिक संस्थाओं को मजबूत बनाने का जो ध्येय है, उसे विधायक आवास परियोजना एवं कॉन्स्टीट्यूशन क्लब जैसे कार्यो से आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विधायक आवास परियोजना से विधायकों के बीच सद्भाव का माहौल बनेगा। मुख्यमंत्री की इच्छा के अनुरूप विधायक आवास परियोजना के साथ-साथ कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान का कार्य भी समय पर एवं गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाएगा। धारीवाल ने कहा कि दिसम्बर 2018 में हमारी सरकार बनी



तब राजस्थान आवासन मंडल हमें करीब-करीब बंद होने के हालात में मिला। उन्होंने कहा कि 4 वर्ष की अल्पावधि में मण्डल 17 हजार अधिषेष आवासों का निस्तारण पूर्ण पारदर्षिता के साथ कर चुका है और लगभग 4 हजार 637 करोड रुपए का राजस्व मण्डल ने अर्जित किया है। उन्होंने कहा कि आवासन आयुक्त पवन अरोडा और उनकी टीम ने बहुत बेहतरीन तरीके से यह काम किया है। अब मण्डल द्वारा मकान बनाने के साथ ही देश का पहला कोचिंग हब, सिटी पार्क, विधायक आवास परियोजना, एआईएस रेजीडेंसी एवं चौपाटियों जैसे अभिनव प्रोजेक्ट बनाये जा रहे है। इससे आवासन मण्डल के प्रति लोगों की जो भावना थी वह बदली है।

## सीएम के पूर्व OSD समेत 23 नेता बीजेपी से जुड़ेः जोशी बोले- देश को तोड़ रही कांग्रेस, डूबते जहाज में कोई नहीं बैठना चाहता

*सितारा न्यूज नेटवर्क*

**जयपुर।** राजस्थान में विधानसभा चुनाव से पहले सियासी उठापटक का सिलसिला शुरू हो गया है। इसी कड़ी में शनिवार को एक दर्जन से अधिक नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जिनमें मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पूर्व ओएसडी महेंद्र शर्मा, पूर्व विधायक अनिता कटारा, पूर्व प्रशासनिक अधिकारी, न्यायाधीश, कर्मचारी संघ के नेताओं समेत 23 लोग शामिल हुए। इस दौरान बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि कांग्रेस ने केवल देश को तोड़ने का काम किया है। लेकिन नरेंद्र मोदी ने देश को



जोड़ने का काम किया है। इसी के चलते लोग बीजेपी ज्वाइन कर रहे। कांग्रेस 60 साल तक कुछ नहीं कर पाई। गरीबों को केवल गरीब ही रखा। लेकिन पीएम मोदी ने 10 साल में देश दुनिया में सम्मान बढ़ाया है। जोशी ने कहा कि भारत माता का वैभव बढा है। कश्मीर से धारा 370 हटी है। अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा है। प्रदेश की गहलोत सरकार की जनविरोधी नीतियों के चलते युवा किसान महिला सब परेशान हैं। प्रदेश का विकास पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है। आज जिन लोगों ने भाजपा का दामन थामा है। यह सभी लोग प्रदेश के मौजूदा माहौल से बेहद व्यथित हैं। इसलिए यह सभी लोग बिना किसी शर्त के प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए भाजपा से जुड रहे हैं। जोशी ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस सरकार ने युवा, किसान, महिलाओं के साथ धोखा किया है।

## गहलोत बोले- रात को हुक्का बार में जाते हैं लड़के-लड़कियांः कॉलेज और यूनिवर्सिटी में ड्रग एक बहुत बड़ी बीमारी

**जयपुर।** राजस्थान यूथ बोर्ड द्वारा आयोजित महापंचायत में शामिल होने पहुंचे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने युवाओं में बढ़ती नशे की आदत को लेकर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा- राजस्थान के कॉलेज और यूनिवर्सिटी में ड्रग एक बहुत बड़ी बीमारी के तौर पर सामने आ रहा है। उन्होंने कहा- रात को हुक्का बार चलते हैं। जहां रात को 12 बजे लड़के-लड़कियां अंदर घुसते हैं। जो सुबह 7-8 बजे निकलते हैं। क्या करते हैं, बेवकूफ की तरह। वहां ड्रिंक भी करते हैं। डांस करते हैं। ड्रग्स भी लेते हैं। इनके खिलाफ प्रदेशभर में बड़ा अभियान शुरू कर दिया है।



सीएम ने कहा- कॉलेज के बाहर जो लड़कियों पर फबत्तियां करते हैं। मैंने इन मनचलों का इलाज करने का फैसला कर लिया है। जैसे थानों में हिस्ट्रीशीटर की हिस्ट्रीशीट खुलती है। उसी तरह मनचलों कई लिए एक कॉलम बना दिया जाएगा।

युवा महापंचायत में पहुंचे सीएम गहलोत ने कहा- जब मैं पहली बार सांसद बना था। तब एक सांसद ने कहा कि अशोक तेरी खोपड़ी तो अभी से ही अनुभवी है। यहां कन्हैया कुमार की खोपड़ी में भी अभी से ही बुजुर्गों वाले अनुभव आ गए हैं। ये गॉड गिफ्ट है, कन्हैया कुमार सटीक बातें करते हैं। इस दौरान सीएम गहलोत ने कन्हैया से सरकारी कार्यक्रम में भी राजनीतिक संवाद करने की बात कही।

| पूर्वानुमान> | रवि | सोम | मंगल | बुध |
|---|---|---|---|---|
| 27° अधिकतम> | 33°c | 32°c | 35°c | 33°c |
| न्यूनतम> | 25°c | 26°c | 25°c | 26°c |

## कांग्रेस हाई कमान ने टिकट के लिए अवाना को दे दी हरी झंडी

# नदबई में बूथ स्तर पर कार्यकताओं की टीम तैनात करने में जुटे 'जोगिंदर सिंह अवाना'





**अब अपने पिछले 5 साल के ताबड़तोड़ विकास कामों से जनता से मांगेंगे वोट**

सितारा न्यूज नेटवर्क

**भरतपुर/नदबई।** देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष व नदबई विधायक जोगिंदर सिंह अवाना ने नदबई मुख्यालय पर एक निजी मैरेज गार्डन में बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें पूरी नदबई विधानसभा क्षेत्र के 283 बूथों से हजारों की संख्या में कार्यकताओं ने भाग लिया जिसमें विधायक ने आगामी विधानसभा चुनावो को लेकर विचार विमर्श किये वही बड़ी संख्या में आये कार्यकताओं ने विधायक का माला साफा पहना कर स्वागत किया और क्षेत्र में कराये गए विकास को लेकर आभार प्रकट किया विधायक ने भारत रत्न भीम राव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर माल्याअर्पण किया और मौजूद लोगो को बाबा साहब के बारे में विचार व्यक्त किये और कहा की हमें डॉ. भीमराव अंबेडकर साहब ने शिक्षित होने के लिए जागरूक किया है उन्होंने कहा था की शिक्षा वह पूंजी है जिसे हमसे कोई छीन नही सकता और कहा की भीमराव अम्बेडकर का भारतीय समाज के लिए बड़ा योगदान रहा उन्होंने शोषित, दलित वर्ग को जागृत किया, संगठित किया, उन्हें वाणी दी तथा संघर्ष के लिए तैयार किया वही विधायक ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपके ही आशीर्वाद से मैं विधायक बना हूं और मैंने हमेशा बिना किसी भेदभाव के आपने जो भी विकास कार्य बताये है उनको कराने का कार्य किया है क्षेत्र में हर वह विकास कार्य हुआ है।

जो पिछले 50 साल से नहीं हुआ था हर गाँव को पक्की सड़क से जोड़ने का काम किया है हर क्षेत्र में काफी विकास हुआ है चाहे वो शिक्षा हो सड़क हो, चिकित्सा, बिजली सड़क हर क्षेत्र में काफी विकास कराया है विधायक ने कहा की क्षेत्र का हर एक मतदाता मेरे परिवार का सदस्य है आप विकास के कार्यो को मुझे अवगत कराये उनको कराना मेरा फर्ज है क्षेत्र में विकास के लिए धन की कोई कमी नही आने दी जायेगी ।

वही विधायक ने जनसुनवाई की जिसमें विधायक अवाना की नेक पहल देखने को मिली क्षेत्र की ग्राम पंचायत अखैगढ़ के गाँव बिकरू निवासी दयाशंकर सैनी का घर बरसात की वजह से क्षतिग्रस्त हो गया था दयाशंकर सैनी ने विधायक को जनसुनवाई में अपनी समस्या के बारे में अवगत कराया विधायक ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही अपनी निजी आय में से 21000 हजार रुपए की आर्थिक सहायता की और हर संभव मदद का आश्वासन दिया इस मौके पर ब्लॉक कॉंग्रेस अध्यक्ष हरस्वरूप शर्मा,दिलीप सिनसिनवार, शिवदयाल गोयल, पार्षद नितीन अग्रवाल, अजय जैन, हरिसिंह बादशाह, मोहन सिंह जाटव, मुकेश खुर्मपुर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पंचाग

दिनांक: 13 अगस्त 2023 रविवार

विक्रम संवत2080 अधिक श्रावन कृष्ण पक्ष

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | द्वादशी | 08:19:12 |
| पक्ष | कृष्ण | |
| नक्षत्र | आद्रा | 08:25:18 |
| योग | वज्र | 15:53:46 |
| करण | तैतुल | 08:19:12 |
| करण | गर | 21:20:11 |
| चन्द्र राशि | मिथुन | 28:24:24 |
| चन्द्र राशि | कर्क | 28:24:24 |
| सूर्य राशि | कर्क | |
| दिशा शूल | पश्चिम | |
| सूर्योदय(जयपुर) | | 05:58:19 |
| सूर्यास्त | 19:04:51 | |
| चंद्रोदय | 27:47:18 | |
| चंद्रास्त | 17:24:20 | |
| राहू काल | 17:27 - 19:05 | |
| अभिजित | 12:06 - 12:58 | |

शुभ चोघडिया

| | | |
|---|---|---|
| चर | 07:37 - 09:15 | शुभ |
| लाभ | 09:15 - 10:53 | शुभ |
| अमृत | 10:53 - 12:32 | शुभ |
| शुभ | 14:10 - 15:48 | शुभ |



विशेष जानकारी
प्रदोष व्रत:-आज

ज्योतिषाचार्य
भानुप्रकाश शास्त्री

## सरमथुरा वन क्षेत्र में बढ़ रहा बाघों का कुनबा, वन्य जीव प्रेमियों में खुशी की लहर



सितारा न्यूज नेटवर्क

**सरमथुरा/अंकित गोयल ।** सरमथुरा उपखंड के वन क्षेत्र में इन दिनों बाघों का कुनबा बढ़ने से वन्य जीव प्रेमियों में खुशी की लहर देखने को मिल रही है । साथ ही आपको बता दें कि सरमथुरा के जंगलों में वन विभाग द्वारा लगाए गए कैमरे ने बाघिन टी 117 अपने दो शावको के साथ नजर आई है,वही इस संदर्भ में वन अधिकारी अरविंद परमार ने बताया के सरमथुरा के जंगलों में बाघों का कुनबा बढ़ने से वन्य जीव प्रेमियों में खुशी की लहर देखने को मिल रही है। बाघों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जंगलों में गश्त व्यवस्था बढ़ा दी गई है, जिससे वन्य जीवों का लगातार मुवमेंट मिलता रहे शिकारी किसी भी वन्य जीव को कोई हानि ना पहुंचा सके साथ ही वन्य जीवों के विचरण में कोई दखल अंदाजी न हो ।

## जैन एकता मंच द्वारा आज नवकार महामंत्र व स्वाध्याय कार्यक्रम आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में मनायेगा

सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** जैन एकता मंच ब्यावर प्रचार प्रमुख विमल मकाणा ने बताया की जैन एकता मंच द्वारा प्रत्येक रविवार को सुबह 6.30 बजे से 7.30 बजे तक नवकार महामंत्र व स्वाध्याय कार्यक्रम किया जा रहा है आज रविवार को महावीर कीर्ति स्तम्भ अजमेरी गेट बाहर जैन एकता मंच के अध्यक्ष एडवोकेट संजय नाहर की अध्यक्षता मे नवकार महामंत्र जाप व स्वाध्याय के कार्यक्रम को आजादी के अमृत महोत्सव के रूप मे मनाया जायेगा मंच के महामंत्री महावीर बाफना ने बताया की नवकार महामंत्र व स्वाध्याय कार्यक्रम के पश्चात तिरंगा झंडा व जैन समाज का झंडा फहराया जायेगा मंच के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश मकाणा ने बताया की कार्यक्रम के लाभार्थी परिवार संजय कुमार दिव्यम चौरड़िया रहेंगे सभी धर्म प्रेमीयो व सदस्यों एवं सधमी बन्धुओ से विशेष आग्रह है की आज रविवार को आजादी के अमृत महोत्सव के रूप मे नवकार महामंत्र व स्वाध्याय कार्यक्रम मे अपने परिवार सहित शामिल होकर शोभा बढ़ाये।

## एसएचएम कॉलेज की छात्राओं ने किया पौधरोपण



सितारा न्यूज नेटवर्क

**नारायणपुर, (बिन्टू कुमार।** कस्बे के अलवर सड़क मार्ग पर स्थित हेमलता मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की स्वंय सेविकाओं द्वारा मेरी माटी मेरा देश के तहत 75वाँ आजादी महोत्सव के उपलक्ष्य में कॉलेज कैंपस में पौधारोपण कर उनकी सार संभाल की जिम्मेदारी ली। इस दौरान छात्राओं ने आमजन को पेड़ वितरण किये एवं उनको अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय प्राचार्य ने बताया कि पेड़ लगाकर ही पर्यावरण को बचाया जा सकता हैं। इस मौके पर कॉलेज निदेशक शिशुपाल यादव, एनएसएस प्रभारी अनिल कुमार, सुनीता यादव, अशोक यादव, कुंदन शर्मा, अनीता यादव, प्रहलाद सैनी, रिंकू सैनी, संदीप कुमार, रेखा यादव सहित स्टाफ उपस्थित रहा।

### थाना सदर धौलपुर पुलिस की कार्रवाई...

## रीको एरिया की लठ्ठा फैक्ट्री से गाटर की चोरी के आरोपियों को किया गिरफ्तार



सितारा न्यूज नेटवर्क

**धौलपुर/अंकित गोयल ।** पुलिस अधीक्षक महोदय जिला धौलपुर मनोज कुमार भा.पु.से. एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय जिला धौलपुर के निदेर्शानुसार वृताधिकारी महोदय वृत शहर धौलपुर सुरेश सांखला आरपीएस के पर्यवेक्षण में थानाधिकारी शिवदास पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में रीको एरिया की लठ्ठा फैक्टी से गाटर की चोरी के मुल्जिम मनीष पुत्र सियाराम जाति जाटव उम्र 24 साल निवासी बीछिया थाना कोतवाली धौलपुर, लोकेन्द्र पुत्र मौहरसिह जाति गुर्जर उम्र 18 साल निवासी बछिया थाना कोतवाली धौलपुर, आदित्य उर्फ धम्वल पुत्र प्रकाश जाति जाटव उम्र 18 साल निवासी बीछिया थाना कोतवाली धौलपुर को गिरफ्तार कर मुल्जिमों की 27 साक्ष्य अधि0 की तला पर चोरी गया माल गाटर लोहे को बरामद किया गया दूसरा मामला अवैध शराब की बिक्री करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए मुल्जिम धर्मेन्द्र पुत्र राम भरोसी जाति लोधा उम्र 36 साल निवासी फिरोजपुर थाना सदर धौलपुर को मय 60 पव्वा अवैध देशी शराब के जप्त कर मुल्जिम को गिरफ्तार किया गया।

**टीम विवरण:-** शिवदास पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी, नरेश सिंह, फतेह सिंह, कृष्णगिरि, रामप्रसाद, भरतसिंह, गणेश थाना सदर धौलपुर मौजूद रहे।

## नीदरलैंड के भ्रमण दल ने राणौली विद्यालय का किया विजिट

सितारा न्यूज नेटवर्क

**शंकर कामदार /रामगढ़ पचवारा।** उपखंड के बिच्छा में शुक्रवार को नीदरलैंड के भ्रमण दल ने मिस्टर मार्टीन के नेतृत्व में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय राणौली का विजिट किया। भ्रमण दल राणौली विद्यालय के विद्यार्थियों से मिलकर काफी खुश नजर आया। विद्यालय की गांधी वाटिका,अंबेडकर वाटिका, बिरसा मुंडा वाटिका, अब्दुल कलाम वाटिका, महात्मा ज्योतिबा फुले वाटिका एवं हरे भरे स्वच्छ वातावरण को देखकर काफी प्रभावित एवं प्रसन्न हुआ। विद्यालय की व्यवस्थाओं एवं विद्यार्थियों के अनुशासन को देखकर उनकी सराहना की।

विद्यालय में एबीएल कक्ष को देखकर पढ़ाई तकनीक की प्रशंसा की। प्रधानाध्यापक सूरज मल बुनकर ने नीदरलैंड के दल का स्वागत किया तथा विद्यालय में संचालित गतिविधियों एवं सरकार द्वारा विद्यार्थियों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी।

## शिविर में मुफ्त जाँच एवं दवा वितरण





सितारा न्यूज नेटवर्क

**नारायणपुर, (बिन्टू कुमार)।** उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत अजबपुरा में शनिवार को जयपुर रुग्स फाउडेशन और डॉ.पंकज सिंह फाउंडेशन के सहयोग से निम्स अस्पताल की टीम के द्वारा ग्राम पंचायत भवन में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।जिसमे 168 मरीजों का बीपी, शुगर की जाँच कर निशुल्क दवा वितरण किया गया। इस दौरान फाउंडेशन के सहयोग से गलीचे के कारीगरों को स्वास्थ्य कार्ड वितरण किए गए एवं उनका उपयोग कैसे करे उसकी जानकारी दी गई। वही शिविर में मोतियाबिंद के मरीजों को निशुल्क ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। इस मौके पर सरपंच प्रियंका नरुका, फाउंडेशन मैनेजर अमीलाल चौधरी, जसुराम, यादराम, हरीश यादव, सुनील आदि लोग मौजूद थे।

## भाजपा जनसभा में उमड़ा जनसैलाब, कांग्रेस सरकार पर साधा निशाना

*बड़ी संख्या में मौजूद रहे समर्थक व कार्यकर्ता*





सितारा न्यूज नेटवर्क

**वी.पी.मीणा /बहरोड़ ।** क्षेत्र के मांढ़ण में शुक्रवार को भाजपा नेता व पूर्व जिला पार्षद महेंद्र सिंह यादव ने जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में आसपास क्षेत्र के कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे। अपने उद्बोधन में यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पूरे विश्व में अपनी एक नई पहचान बनाई है। और बढ़ते हुए भारत के कदमों को पूरा विषय में देखने का अवसर मिला है। जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सहित बताया कि राजस्थान में भ्रष्टाचारी सरकार के राज में अपराध बेलगाम है। पेपर लीक से युवा परेशान। कर्ज से किसान परेशान हो रहा है। तथा बताया कि बहरोड में इस बार विधानसभा चुनाव में बीजेपी की सरकार बनना तय है।

## राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अलीगढ़ में विधि विधान से सम्पन्न हुआ वृक्षारोपण कार्य





सितारा न्यूज नेटवर्क

**बाडी/अंकित गोयल।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अलीगढ़ में शनिवार को विधि विधान से वृक्षारोपण कार्य संपन्न हुआ ।इस कार्य का शुभारंभ दाऊदयाल शर्मा सीबीईओ ने किया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण का केंद्र विद्यालय के व्याख्याता नरेंद्र जोशी रहे, जिन्होंने विद्यालय हित में पांच बरगद के पौधे तथा लोहे के पांच ट्री गार्ड विद्यालय में भेंट कर कार्यक्रम को संपन्न बनाने में अहम भूमिका निभाई । सीबीईओ बाड़ी दाऊदयाल शर्मा ने नरेंद्र जोशी व्याख्याता की प्रशंसा करते हुए कहा कि जब तक विभाग में इस तरह के सकारात्मक सोच वाले अध्यापक हमारे बीच मौजूद है तब तक हमारा विद्यालय प्रगति करता रहेगा ।उन्होंने बताया कि नरेंद्र जोशी ने कुछ माह पूर्व ही इस विद्यालय में कार्य ग्रहण किया है वह हरसोली (अलवर) के मूल निवासी हैं तथा वे अध्यापन कार्य के साथ-साथ विद्यालय के अन्य गतिविधियों में भी सहयोग करते रहते हैं । इस अवसर पर ग्राम पंचायत अलीगढ़ के सरपंच प्रतिनिधि भंवर सिंह ग्राम विकास अधिकारी जसवंत सिंह, अवधेश शर्मा ग्रामवासी, विद्यालय प्रभारी टीकम सिंह व्याख्याता, श्याम सुंदर यदुवंशी व्याख्याता, सरनाम सिंह पीटीआई, ज्वाला सिंह मीना वरिष्ठ अध्यापक भुवनेश्वर शर्मा वरिष्ठ अध्यापक राजवीर मीना, रचना दीक्षित, शबनम सहित समस्त स्टाफ ग्रामवासी एवं कक्षा 11- 12 के छात्र/ छात्राएं भी मौजूद रहे ।कार्यक्रम से पूर्व सीबीईओ दाऊदयाल शर्मा ने विद्यालय का निरीक्षण किया तथा ग्रामवासियों से विद्यालय विकास के संबंध में चर्चा की।

## स्कूटी छात्रवृति योजना में आवेदन करने की अंतिम तिथि 16 अगस्त तक

सितारा न्यूज नेटवर्क

**नारायणपुर, (बिन्टू कुमार)।** राजकीय कन्या महाविद्यालय नारायणपुर में बीए प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाली छात्राएं स्कूटी छात्रवृति की विभिन्न योजनाओं के लिए पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन 16 अगस्त तक कर सकती हैं। नोडल अधिकारी रामप्रताप मीणा ने बताया की आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के निदेर्शानुसार वित्त वर्ष 2023-24 में काली बाई भील मेघावी छात्रा स्कूटी योजना, देवनारायण छात्रा स्कूटी योजना तथा मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृति योजना के लिए नोडल कॉलेज राजकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय थानागाजी की साइट पर छात्राएं आवेदन कर सकती हैं। वही आवेदन की पूर्व निर्धारित अंतिम तिथि को बढाकर अब 16 अगस्त तक कर दिया गया हैं।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## ब्यावर प्रधान डाकघर में भारत-पाकिस्तान विभाजन की लगी प्रदर्शनी



सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर प्रधान डाकघर में भारत पाकिस्तान विभाजन की विभीषिका विषय पर प्रदर्शनी प्रारम्भ की गई। प्रदर्शनी में विभाजन से जुड़े हर पहलू को प्रदर्शित किया गया है। इस प्रदर्शनी का अवलोकन आम जन द्वारा प्रातः 10 से सांय 05 बजे तक किया जा सकेगा उक्त अवसर पर ब्यावर मण्डल अधीक्षक वी.एस. जैन ने बताया कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से आम जन मानस को यह ज्ञात हो सकेगा कि भारत को आजादी कितनी कठिनाई से मिली है एवं इस आजादी में कितने ही स्वतंत्रता सैनानियों का बलिदान शामिल है।उल्लेखनीय है कि सन् 1947 में भारत और पाकिस्तान के बंटवारे के समय भयंकर हिंसा हुई थी । जिसमें सैकड़ों-हजारों लोगों ने अपनी जान गंवाई थी। उन लोगों के संघर्ष और बलिदान की याद किया गया है। 14 अगस्त को "विभाजन विभीषिका" स्मृति दिवस के तौर पर मनाने का निर्णय उद्घाटन के अवसर पर वी.एस. जैन, अधीक्षक डाकघर ब्यावर, बी. एल. मीणा, सहायक अधीक्षक डाकघर ब्यावर मुख्यालय, भूर सिंह मीणा, सहायक अधीक्षक, अजय कुमार, डाकपाल ब्यावर प्रधान डाकघर, पीयूष बंसल, कार्यवाहक निरीक्षक परिवाद, ब्यावर, पदम दास, सहायक डाकपाल ब्यावर, महादेव प्रसाद मीणा, विकास प्रजापति, रामस्वरूप, कृष्ण कांत कुमावत, शुभम, ब्यावर डाकघर के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। मीनाक्षी जिन्दल, भावना जांगिड एवं ब्यावर प्रधान डाकघर के कई कर्मचारी विद्यमान रहे हैं

## कृष्ण नगर में पंचायत कोटे से विकास कार्यों की घोषणा







सितारा न्यूज नेटवर्क

**वी.पी.मीणा /बहरोड।** क्षेत्र के कृष्ण नगर में शनिवार को पंचायत समिति प्रधान पति बस्तीराम यादव एडवोकेट ने ग्रामीणों की मांग पर श्मशान घाट में इंटरलॉकिंग टाइल व गांव से खेतों की तरफ जाने वाले रास्ते को पक्का निर्माण पर प्रधान कोटे से दोनों मांगों को एक-एक पूरा करने की घोषणा की गई। इस दौरान अपने उद्बोधन में कांग्रेस नेता बस्तीराम यादव ने बताया कि विधायक के 5 साल कार्यकाल में विकास को छोड़कर विकास करने वाले लोगों के कार्यों में अड़ंगा डालने का कार्य किया है। क्षेत्र में गुंडागर्दी अराजकता एवं आम जनता को परेशान करना, अधिकारियों को डराने धमकाने का काम किया है। हमारा उद्देश्य है कि क्षेत्र में विकास करना, भाईचारा बनाए रखना, क्षेत्र में शांति बनाए रखना व विकास के कार्यों में गति देना है। इस दौरान ग्राम वासियों ने फूलमाला व गाजेबाजे के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान कुश्ती कोच राजकुमार यादव, पंचायत समिति सदस्य रमेश यादव, अमर सिंह यादव, राहुल यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

## आंध्र प्रदेश से बेसुध युवक पहुँचा बहरोड़, थानाधिकारी की मदद से पहुँचा घर

### *थानाधिकारी महेंद्र सिंह यादव ने दिया मानवता का परिचय*

सितारा न्यूज नेटवर्क

**वी.पी.मीणा / बहरोड़ ।** क्षेत्र के गूँती गांव में बीती रात्रि को एक संदिग्ध युवक के मिलने पर ग्रामीणों में भय का माहौल पैदा हो गया। लगभग 32 वर्षीय उम्र का युवक तमिल भाषा के साथ अन्य तीन चार भाषाओं का प्रयोग कर रहा था। जिसको लेकर ग्रामीणों में अनेकों शंका पैदा हो गई व पुलिस को सूचित कर बहरोड़ पुलिस थाने में पहुंचा दिया। युवक की भाषा नहीं समझ में आने पर उसके घर का पता करना बड़ा मुश्किल हो रहा था। ऐसे में थाना अधिकारी महेंद्र सिंह यादव ने मानवता का परिचय देते हुए। इस तरह भटकते हुए युवक को उसके घर तक पहुंचाने का संकल्प ठान लिया।व उसको क्षेत्र के सीआईएसफ कैंप अनन्तपुरा ले जाकर तमिल भाषा पहचान करने वाले सीआईएसएफ जवान से वातार्लाप करवाई गई। जिससे स्पष्ट हुआ कि यह आंध्रप्रदेश के विशाखपटनम के हुकूमपेटा जगह का रहने वाला है। गलत रूट की ट्रेन में बैठने से यहां तक पहुंच गया।व हिंदी भाषा का ज्ञान नहीं होने के कारण लोगों की बात समझने व समझना इसके लिए बड़ा मुश्किल हो रहा था। इसलिए यह आसपास क्षेत्र में भटक रहा था। युवक का नाम ईश्वर राव पाडला है। युवक जिस जगह निवास करता है वह नक्सलवादी एरिया है। जिसे कंपनी एरिया भी कहा जाता है। ऐसे में वहां की पुलिस से संपर्क साधा गया लेकिन उन्होंने इस बात पर विशेष ध्यान नहीं दिया। उसके बाद थानाधिकारी ने अपने निजी खर्च से युवक को एक पुलिस जवान के साथ दिल्ली रेलवे स्टेशन तक आरपीएफ को विशाखपटनम तक बीच मे नही उतरने की जुम्मेदारी देते हुए वहां के स्थानीय पुलिस अधिकारी को सूचित किया गया। मानना है कि अगर थाना अधिकारी ने इस बेसुध युवक पर ध्यान नहीं दिया होता तो आने वाले दो-तीन हफ्तों में युवक मानसिक रूप से कमजोर होकर पागलों की भांति घूमने पर मजबूर हो जाता।





**'यह करण हर नियम के विरूद्ध परिवर्तन की लड़ाई लड़ता रहा...ये करण किरदार अपना गढ़ता रहा'**

# किया ऐलान : भारत नव निर्माण पार्टी की अगुवाई करेंगे 'करण सिंह खाचरियावास'

**कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह को दिल और दिमाग से जबरदस्त झटका उनके बड़े भाई करण सिंह भारत नवनिर्माण पार्टी के बने प्रदेश अध्यक्ष**













सितारा न्यूज नेटवर्क

**संवाददाता : जनीश सिंह**

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में कॉलेज और विश्वविद्यालय के जमाने से ही कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के साथ साए की तरह रहने वाले उनके बड़े भाई करण सिंह खाचरियावास अब भारत नवनिर्माण पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद पर विराजमान हो गए हैं, भारत नवनिर्माण पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनदयाल जाखड़ ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन आयोजित करके करण सिंह के भारत नवनिर्माण पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद पर नियुक्त करने की घोषणा की। जाखड़ की घोषणा के बाद करण सिंह ने पत्रकारों से कहा कि भारत नवनिर्माण पार्टी को अब राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिलवा कर ही रहेंगे और आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 200 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे, करण सिंह के भारत नवनिर्माण पार्टी के ज्वाइन करने के बाद कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास की मुश्किलें निश्चित रूप से काफी बढ़ गई है क्योंकि अब से पहले यही देखने में आया है कि चाहे प्रताप सिंह ने राजस्थान विश्वविद्यालय में छात्र संघ का चुनाव लड़ा हो या फिर सक्रिय राजनीति में आने के बाद जयपुर में विधानसभा चुनाव लड़े हो या फिर जयपुर शहर लोकसभा सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा हो इन सभी चुनावों में करण सिंह की सबसे बड़ी भूमिका रही प्रताप सिंह को एक स्थापित और मजबूत राजनेता बनाने में करण सिंह का बहुत बड़ा योगदान है इस बात को खुद प्रताप सिंह भी मानते हैं, जो छात्र राजस्थान विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव से ही प्रताप सिंह के साथ जुड़े हुए हैं वह भी इस बात को मानते हैं कि करण सिंह ने प्रताप सिंह के लिए काफी कुछ कुबार्नी दी है और प्रताप सिंह को मजबूत राजनेता बनने में उन्होंने काफी खून पसीना बहाया है इसलिए आगामी चुनाव में जब प्रताप सिंह विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे तो निश्चित रूप से प्रताप सिंह के चुनावी मैनेजमेंट को संभालना प्रताप सिंह के लिए एक बड़ी चुनौती बन जाएगा।



**सवाल : जिनका जनता ढूढ़ रही जवाब..**

- **अब प्रताप सिंह का चुनावी मैनेजमेंट कौन देखेगा ?**
- **भारत नवनिर्माण पार्टी कौन सी पार्टी का बिगड़ेगी गणित ?**
- **दो बड़े चेहरे को मिलकर क्या अब करेंगे राजस्थान में बदलाव ?**

### राजनीति में अब खुद की अलग पहचान बनाना चाहते हैं करण सिंह ?

जानकार लोगों का कहना है कि कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खच्चरियावास के राजस्थान विश्वविद्यालय छात्र संघ का चुनाव लड़ने के दौरान अपने छोटे भाई के लिए करण सिंह ने अपनी जान की बाजी लगाई, छात्र संघ चुनाव के दौरान जितनी मीटिंग प्रताप सिंह खाचरियावास छात्रों से नहीं लेते थे उससे कहीं ज्यादा मीटिंग करण सिंह खुद लिया करते थे और लगातार कॉलेज और विभिन्न हॉस्टल में जाकर अपने भाई प्रताप सिंह के लिए वोट और समर्थन मांगा करते थे लड़ाई में भी करण सिंह सबसे आगे रहा करते थे, कहना गलत नहीं होगा कि छात्र संघ चुनाव में जितनी मेहनत प्रताप सिंह ने की उससे कहीं ज्यादा मेहनत करण सिंह ने की और इसी तरह से विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भी करण सिंह अपने भाई प्रताप सिंह को जीतने के लिए कई कई रात नहीं सोए इस बात को खुद कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास भी जानते हैं, खाचरियावास पहले भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के अध्यक्ष पद पर भी रह चुके हैं पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के भी काफी करीबी रहे बाद में उन्होंने कांग्रेस पार्टी ज्वाइन कर ली और अब कांग्रेस पार्टी के काफी ऊजार्वान और वरिष्ठ नेताओं में प्रताप सिंह की गिनती होने लगी है, कांग्रेस पार्टी के दिल्ली में विराजमान सभी बड़े नेता प्रताप सिंह से काफी प्रभावित हैं लेकिन प्रताप सिंह को राजनीति में खड़े करने वाले उनके भाई करण सिंह अभी राजनीति में कोई खास पहचान नहीं बना पाए उन्होंने कभी राजनीति में आने के बारे में सोचा भी नहीं था हालांकि वह अपने छोटे भाई प्रताप सिंह को जरूर प्रोत्साहित करते रहे लेकिन अब ऐसा दिखता है कि करण सिंह भी राजनीति में अपना जौहर और दमखम दिखाना चाहते हैं यही वजह है कि उन्होंने भारत नवनिर्माण पार्टी ज्वाइन की है भारत नवनिर्माण पार्टी संविधान बचाओ और लोकतंत्र बचाओ के नारे के साथ चुनाव मैदान में उतरने जा रही है, जानकार लोग यह भी कहते हैं कि आगामी विधानसभा चुनाव में करण सिंह की कमी प्रताप सिंह अपनी खलेगी क्योंकि चुनावी मैनेजमेंट और सभी तरह के काम प्रताप सिंह का खुद करण सिंह संभालते थे लेकिन अब अपने भाई का साथ प्रताप सिंह को नहीं मिलेगा इसलिए निश्चित रूप से प्रताप सिंह खाचरियावास को दिल और दिमाग दोनों से गहरा झटका जरूर लगा होगा।

### पदाधिकारियों ने कहा

आज प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति करी गई है जिसकी जिम्मेदारी पूर्व उपराष्ट्रपति एवं पूर्व मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार स्वर्गीय भैरोसिंह शेखावत के भतीजे एवं वर्तमान कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के बड़े भाई राष्ट्रवादी करण सिंह जी को दी गई। भारत नव निर्माण पार्टी में प्रदेशाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किए जाने पर उन्हें मेरी तरफ से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं और जल्द ही संविधान बचाओं, जाग्रति लाओ कार्यक्रम का शुभारंभ भी करण सिंह जी के सहयोग से ही करेंगे।

**– दीनदयाल जाखड़**
**राष्ट्रीय अध्यक्ष (बीएनएनपी)**

भारत नव निर्माण पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीन दयाल जाखड़ की विचार धारा ने मुझे काफी प्रभावित किया, इसलिए मैं इनके साथ मिलकर राष्ट्र का नव निर्माण व जनहित के कार्य करने में पूर्ण सहयोग देना चाहता हूं, अध्यक्ष के द्वारा मुझे राजस्थान का प्रदेश अध्यक्ष का पद देने के लिए उनका आभार व्यक्त करता हूं, मैं पार्टी को नवीन ऊचाईयों पर ले जाने हेतु हर संभव प्रयास करूंगा। राष्ट्र के नवनिर्माण एवं प्रदेश के नव निर्माण के लिए पार्टी योजनाबद्ध तरीके से आयोजन करते हुए कार्य करेगी।

**– करण सिंह खाचरियावास**
**प्रदेशाध्यक्ष (बीएनएनपी)**

### भारत नवनिर्माण पार्टी कौन सी पार्टी का चुनावी गणित बिगाड़ने वाली है ?

भारत नवनिर्माण पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनदयाल जाखड़ और भारत नवनिर्माण पार्टी की राजस्थान इकाई के नवनियुक्त अध्यक्ष करण सिंह ने आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 200 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का एलान कर दिया है हालांकि यह कटु सत्य है कि भारत नवनिर्माण पार्टी का संगठन का ढांचा भाजपा और कांग्रेस पार्टी की तरह मजबूत अवस्था में नहीं है लेकिन जिन मुद्दों और जिन विषयों के साथ जिस जोशीले अंदाज में दीनदयाल जाखड़ और करण सिंह शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान नजर आए उससे साफ जाहिर है कि आने वाले तीन-चार महीना में यह दोनों ही बड़े नेता भारत नवनिर्माण पार्टी के संगठन के जाल को प्रदेश भर में फैलाने के पूरी तरह से तैयार दिख रहे हैं वैसे दीनदयाल जाखड़ जाट समाज के काफी कद्दावर नेता हैं और अपने सामाजिक सरोकारों के कामों को लेकर राजस्थान में ही नहीं बल्कि हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश अन्य राज्यों में भी जाना पहचाना चेहरा बन चुके हैं राजस्थान में भी युवाओं की एक बड़ी टीम इनके साथ मुस्तैदी से जुटी हुई है जो सामाजिक सरोकारों के कामों के साथ-साथ वृक्षारोपण, साफ सफाई, पर्यावरण संरक्षण इत्यादि सामाजिक सरोकारों के कामों में अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं इसलिए भारत नवनिर्माण पार्टी को लोगों का भरपूर समर्थन भी मिल रहा है अब देखना यह है कि आगामी विधानसभा चुनाव में यह पार्टी कांग्रेस को ज्यादा नुकसान पहुंचाएगी या फिर भारतीय जनता पार्टी को फिलहाल करण सिंह राजपूत समाज से हैं और दीनदयाल जाखड़ जाट बिरादरी से ताल्लुक रखते हैं इसलिए यह तो माना जा सकता है कि जाट और राजपूतों में दोस्ती का जो सिलसिला शुरू हुआ है वह काफी सुखद और रोमांचक भी दिख रहा है इसलिए भारत नवनिर्माण पार्टी को राजपूत और जाट समाज दोनों का भरपूर समर्थन मिलने की पूरी उम्मीद है इसलिए भारत नवनिर्माण पार्टी कांग्रेस और भाजपा दोनों का चुनावी गणित बिगाड़ सकती है।

## पुलिस ने 16 अपराधियों को किया गिरफ्तार : 4 स्थाई वारंटी भी शामिल

सितारा न्यूज नेटवर्क

**वी.पी.मीणा /बहरोड़ ।** बहरोड़ पुलिस ने पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए विभिन्न धाराओं में 16 लोगों को गिरफ्तार किया है। थाना अधिकारी महेंद्र सिंह ने बताया कि विभिन्न मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे अपराधियों की धरपकड़ के लिए पुलिस की चार टीमों का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि स्थाई वारंट में नीरज सोनी पुत्र टेकचंद सोनी सुनारों का मोहल्ला बहरोड़, गिरफ्तारी वारंट में संदीप उर्फ सोनू उर्फ लटूर पुत्र लालाराम यादव निवासी इंदिरा कॉलोनी बहरोड़, चंद्रशेखर उर्फ शेखर

पुत्र हरदयाल सैनी निवासी सैनीपुरा बहरोड़, धारा 110 सीआरपीसी गैरसायल में संदीप पुत्र रंगराव यादव निवासी गांव हमींदपुर बहरोड़ को गिरफ्तार किया। नए थाना अधिकारी महेंद्र सिंह यादव ने अपने पदभार ग्रहण करने के बाद लगातार क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आमजन में शांति बनाए रखें हैं उनका कहना है कि चुनावों को देखते हुए क्षेत्र में बढ़ रही गैंगवार मैंने अपराध प्रवृति के लोगों को संज्ञान में लेकर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई की जाएगी



## रैणी प्रधान प्रतिनिधी मांगेलाल मीना ने डामर सड़क शिलान्यास कार्यक्रम में की शिरकत





सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर की राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ विधानसभा क्षेत्र के रैणी प्रधान प्रतिनिधि मांगेलाल मीना रिटायर्ड चीफ इंजीनियर ने शनिवार को रैणी मालाखेड़ा और लक्ष्मणगढ सीमा पर स्थित श्याम गंगा में डामरीकरण रोड के शिलान्यास समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भंवर जितेंद्र सिंह पूर्व केंद्रीय मंत्री रहे तथा विशिष्ट अतिथि टीकाराम जूली केबिनेट मंत्री रहे एवं साथ में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अध्यक्ष योगेश मिश्रा , जिला प्रमुख बलबीरसिंह छिलर सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मंच पर उपस्थित सभी अतिथियो का माला व साफा पहनाकर मान सम्मान किया गया। मिडिया को यह सारी जानकारी आरडी मीना बैरावण्डा के द्वारा दी गई है।

# 'दीघार्यु हॉस्पिटल' ने दिया जीवनदान : हॉस्पिटल के नाम जैसा हुआ काम मरीज को 'मिली दीघार्यु'

- **दीघार्यु हॉस्पिटल के स्त्री रोग विभाग ने 05 किलो की गांठ निकाल मरीज को दिया जीवनदान**
- **स्त्री रोग विशेषज्ञा डॉ. दिव्या जाखड़ व डॉ. योगेंद्र खंडेलवाल के ने दूरबीन से किया ऑपरेशन**

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर/हरमाड़ा।** राजधानी जयपुर के हरमाड़ा घाटी स्थित दीघार्यु हॉस्पिटल से जुड़े स्त्री रोग विभाग के चिकित्सकों ने एक जटिल ऑपरेशन कर मरीज के शरीर से 05 किलो वजनी और मोटी बड़ी गांठ को बाहर निकाला है। चिकित्सकों के मुताबिक आम तौर पर शरीर में होने वाले ट्यूमर से इस गांठ का आकार करीब अढ़ाई गुना बड़ा था। पेट बिल्कुल से चिपके होने के बावजूद बिना किसी अंग को नुकसान पहुंचाए अत्याधुनिक दूरबीन की मदद से गांठ को बाहर निकालने में सफलता हासिल हुई है। हरमाड़ा घाटी पर स्थित इस दीघार्यु हॉस्पिटल के स्त्री और सर्जरी विभाग के इस कारनामे की आसपास खूब चर्चा हो रही है।





### तीन घंटे लगातार चला ऑपरेशन

अस्पताल के निर्देशक अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि दीघार्यु हॉस्पिटल में 5 किलो की गांठ जिस मरीज के शरीर से निकाली गई, वह पेशेंट एक महिला थी। उसके पेट में यह ट्यूमर था। सर्जिकल स्त्री विशेषज्ञा डॉक्टर दिव्या जाखड़ एवं डॉ. योगेन्द्र खण्डेलवाल के मुताबिक यह सर्जरी गांठ के आकार और वजन की वजह से काफी चुनौतीपूर्ण थी। तीन घंटे तक चली दूरबीन सर्जरी के बाद बीमारी को लेकर करीब 4-5 साल से परेशान मरीज अब पूरी तरह से स्वस्थ है। जिसे ऑपरेशन के बाद प्राथमिक इलाज और 2 दिन अस्पताल में चिकित्सकों की देखरेख में रखकर छुट्टी दे दी गई है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

**संसद के मानसून सत्र का अधिकांश समय हंगामे में बीता। लोकसभा और राज्यसभा में समूचे सत्र के दौरान करीब 50 फीसदी के आसपास भी काम नहीं हुआ। विपक्ष मणिपुर मुद्दे पर चर्चा के लिए वोटिंग प्रावधान के तहत अड़ा रहा, तो सत्ता पक्ष बिना वोटिंग प्रावधान के तहत जिद पर रहा। नतीजा विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव लेकर आया, लेकिन अविश्वास प्रस्ताव पर भी संसद में मणिपुर मुद्दे पर शोर ही हुआ और सार्थक बहस नहीं हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अविश्वास प्रस्ताव का जवाब देने के दौरान विपक्ष पर ही अधिक प्रहार किया, मणिपुर पर गड़े मुर्दे उखाड़ने के अलावा ज्यादा कुछ नहीं कहा, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का अश्वासन जरूर दिया। मणिपुर जैसे मुद्दों पर सरकार को अधिक संजीदा होने की जरूरत है। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान विपक्ष और सत्ता पक्ष अपने अपने राजनीतिक एजेंडे सेट करने में लगे रहे। मानसून सत्र के दौरान विपक्ष व सत्ता पक्ष की राजनीति का आकलन करता आजकल का यह अंक...**

# अविश्वास बहस में मणिपुर पर शोर हुआ, चर्चा नहीं



विश्लेषण
प्रमोद जोशी
वरिष्ठ पत्रकार

**मणिपुर हिंसा के मुद्दे को लेकर सत्र का ज्यादातर हिस्सा बाधित रहा, पर दोनों ही सदनों में उस पर शोर हुआ, चर्चा नहीं हुई। राज्यसभा में 11 अगस्त को इस विषय पर चर्चा की बात कही गई थी, पर वह भी नहीं हुई। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने अपने समापन भाषण में कहा कि सदन में मणिपुर पर चर्चा की जा सकती थी। सरकार ने दोनों सदनों में कहा कि हम चर्चा के लिए तैयार हैं, लेकिन इस मुद्दे पर अमित शाह जवाब देंगे। पूर्वोत्तर को अपने जिगर का टुकड़ा बताया और वहां महिलाओं के साथ हुई यौन हिंसा पर बोले कि उसके दोषियों को सज़ा ज़रूर मिलेगी।**

संसद के मानसून-सत्र का समापन लगभग उसी अंदाज़ में हुआ, जिसकी आशा थी। सत्र के पहले सबसे बड़ा मुद्दा मणिपुर का समझा जा रहा था, पर दोनों सदनों में इस विषय पर चर्चा नहीं हो पाई। विपक्ष प्रधानमंत्री के वक्तव्य पर अड़ गया, जो अविश्वास-प्रस्ताव में ही संभव था। अविश्वास-प्रस्ताव ने मणिपुर की तुर्शी को ठंडा कर दिया। इसमें राजनीति के तमाम गड़े मुर्दे उखाड़े गए। दोनों सदनों में मणिपुर को लेकर शोर हुआ, चर्चा नहीं हुई। अविश्वास प्रस्ताव के करीब दो घंटे लंबे जवाब में जब प्रधानमंत्री मणिपुर-प्रसंग पर आए, तब तक विरोधी दल सदन से बहिर्गमन कर चुके थे। प्रस्ताव पर मतदान की जरूरत भी नहीं पड़ी। विरोधी दलों की गैर-मौजूदगी में वह ध्वनिमत से नामंजूर हो गया। कुछ बेहद महत्वपूर्ण विधेयक इस सत्र में बगैर किसी बहस के पास हो गए। इससे पता लगता है कि राजनीतिक गंभीर मसलों में कितनी दिलचस्पी है। सत्र की समापन बैठकों का भी विरोधी गठबंधन ने बहिष्कार किया। यह बहिष्कार अधीर रंजन चौधरी के निलंबन और मणिपुर पर चर्चा नहीं हो पाने के विरोध में किया गया। सत्र के दौरान राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा, संजय सिंह और रिंकू सिंह और लोकसभा में कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी का निलंबन हुआ। आम आदमी पार्टी के संजय सिंह का निलंबन केवल सत्र के समापन तक का था, पर उसे बढ़ा दिया गया है और कुछ हुआ हो या ना हुआ हो, इस सत्र ने 2024 के लिए प्रचार के कुछ मुद्दे, मसले, नारे और जुमले दे दिए हैं। यह भी स्पष्ट हुआ कि विरोधी एकता में बीजद, वाईएसआर कांग्रेस और शिरोमणि अकाली दल के शामिल होने की संभावनाएं नहीं हैं।

## 22 विधेयक पास

सत्र की अंतिम बैठक में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला ने कहा कि इस दौरान सदन की 17 बैठकें हुईं, जो कुल 44 घंटे और 13 मिनट तक चलीं। सदन की सकल उत्पादकता 45 फीसदी रही। इस दौरान सरकार ने 20 विधेयक पेश किए और 22 विधेयकों को पास किया गया। राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ ने अपने समापन भाषण में कहा कि मेरी अपीलों का असर काफी सदस्यों पर नहीं हुआ। इस कारण सदन के 50 घंटे 21 मिनट बेकार हो गए। सदन की उत्पादकता 55 प्रतिशत रही। सदन में नियमों के उल्लंघन और अपमानजनक आचरण का हवाला देकर आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा को विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक निलंबित कर दिया गया। सदन ने इसी पार्टी के संजय सिंह का निलंबन भी विशेषाधिकार समिति की सिफारिशें आने तक बढ़ा दिया है।

## मणिपुर-प्रसंग

मणिपुर हिंसा के मुद्दे को लेकर सत्र का ज्यादातर हिस्सा बाधित रहा, पर दोनों ही सदनों में उस पर शोर हुआ, चर्चा नहीं हुई। राज्यसभा में 11 अगस्त को इस विषय पर चर्चा की बात कही गई थी, पर वह भी नहीं हुई। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने अपने समापन भाषण में कहा कि सदन में मणिपुर पर चर्चा की जा सकती थी। सरकार ने दोनों सदनों में कहा कि हम चर्चा के लिए तैयार हैं, लेकिन इस मुद्दे पर अमित शाह जवाब देंगे। प्रधानमंत्री ने श्रीलंका को सौंपे गए कच्छथीवू और साठ के दशक में मिजोरम पर की गई बमबारी का उल्लेख करके कांग्रेस की राष्ट्रीय अखंडता नीति पर एक और हमला भी किया। साथ ही पूर्वोत्तर को अपने जिगर का टुकड़ा बताया और वहां महिलाओं के साथ हुई यौन हिंसा पर बोले कि उसके दोषियों को सज़ा ज़रूर मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य और केंद्र सरकारें यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही हैं कि आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले। आने वाले समय में मणिपुर में शांति बहाल की जाएगी। मैं मणिपुर की महिलाओं और बेटियों सहित मणिपुर के लोगों को बताना चाहता हूं कि देश आपके साथ है। साथ ही उन्होंने मणिपुर मुद्दे का राजनीतिकरण न करने का आग्रह भी किया।

## मौके पर चौका

मणिपुर को लेकर उन्होंने जो कहा, उसे वे दो हफ्ते पहले भी कह सकते थे, कहीं भी कह सकते थे, पर उन्होंने उसके पहले वह सब कह दिया, जो वे कहना चाहते थे। इतना खुला मौका उन्हें अविश्वास-प्रस्ताव की बहस के बाद ही मिल सकता था। यह मौका उन्हें विपक्ष ने दिया। कांग्रेस का अनुमान था कि राहुल गांधी के भाषण से 'भारत माता की हत्या' वाला अंश निकाल दिया जाएगा। ऐसा नहीं हुआ। अब शायद यह बीजेपी के चुनाव-प्रचार का हिस्सा बनेगा। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा, पीएम मोदी के कारण इन लोगों को भारत माता की जय बोलना पड़ रहा है, यह अच्छी बात है वरना पहले नहीं बोलते थे। इस उम्मीद में कि इन शब्दों को हटा दिया जाएगा, राहुल गांधी ने कहा है कि अब संसद में 'भारत माता' भी नहीं बोल सकते।

## राहुल का प्रदर्शन

कांग्रेस ने क्या हासिल किया? राहुल गांधी के असमंजस की शुरुआत तभी हो गई थी, जब उन्होंने इस बहस को लीड करने के बजाय बीच में बोलने का निश्चय किया। वे मणिपुर होकर भी आए थे, इसलिए लगता था कि वे कुछ ऐसा बोलेंगे, जो पुख्ता होगा और जिससे सरकार की जड़ें हिल जाएंगी, पर ऐसा हुआ नहीं। उन्होंने बातों की शुरुआत अपनी 'भारत-जोड़ो यात्रा' से की। उन्होंने कहा, भारत एक आवाज़ है। उन्होंने अहंकार की पराजय का जिक्र किया। उन्होंने कहा, मैं दिमाग से नहीं दिल से बोलूंगा। उन्होंने अपनी मणिपुर यात्रा के कुछ प्रसंग भी छेड़े, साथ ही कहा कि मोदी सरकार ने मणिपुर में 'भारत माता' की हत्या की है,पर उनके भाषण में वह ऊष्मा नहीं थी, जिससे मणिपुर के लोगों का भरोसा जागे। संभव है कि उनके समर्थकों का विश्वास अब भी कायम हो, पर ज्यादातर पर्यवेक्षक मानते हैं कि उन्होंने एक अच्छे मौके को खो दिया।

## मोदी बनाम राहुल

कांग्रेस ने अविश्वास-प्रस्ताव के पीछे का कारण मणिपुर हिंसा को बताया था, यह जानते हुए भी कि अविश्वास-प्रस्तावों में बहस का फलक व्यापक होता है। बहस का आगाज़ राहुल गांधी से नहीं कराने के पीछे के कारणों को लेकर कई तरह की अटकलें हैं। सबसे विश्वसनीय अनुमान यह लगता है कि पार्टी 2024 के चुनाव को 'मोदी बनाम राहुल' के रूप में लड़ना नहीं चाहती, जबकि बीजेपी चाहती है कि 'मोदी बनाम राहुल' हो। संभवतः राहुल की तैयारी भी नहीं थी। यह अनुमान तो था कि सुप्रीम कोर्ट से स्थगनादेश होने के बाद उनकी सदस्यता की बहाली होगी, पर वह इतनी तेज होगी, इसका अनुमान नहीं था। बीजेपी की रणनीति अविश्वास-प्रस्ताव के बहाने विपक्ष पर उल्टा वार करने और किसी तरह से प्रतिस्पर्धा को 'राहुल बनाम मोदी' बनाने की है। ऐसा करके वे 'इंडिया' में शामिल दलों के मन में परोक्ष रूप से डर भी पैदा करना चाहते हैं। शेष विरोधी दल कांग्रेस के साथ इस उम्मीद में आए हैं कि 'भारत-जोड़ो यात्रा' के कारण राहुल की छवि बेहतर हुई है और वे उसके सहारे चुनाव में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे।

## मोदी का निशाना

नरेंद्र मोदी और अमित शाह दोनों ने करीब-करीब दो-दो घंटे के भाषण दिए। अमित शाह ने जहां क्रमबद्ध तरीके से सरकार की उपलब्धियों को गिनाया, वहीं मोदी ने कांग्रेस पार्टी और नेहरू गांधी परिवार को निशाना बनाया। उनका भाषण चुनावी भाषण था, जिसमें भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण पर चोट थी। उन्होंने कहा, विपक्ष का पसंदीदा नारा है, 'मोदी तेरी ... खुदेगी'। ये मुझे कोसते हैं, जो मेरे लिए वरदान है। ये जिसका बुरा चाहेंगे, उसका भला होगा। 20 साल में क्या कुछ नहीं किया, पर भला ही होता गया। मैं इसे भगवान का आशीर्वाद मानता हूं कि ईश्वर ने विपक्ष को सुझाया और वे प्रस्ताव लेकर आए। मैंने 2018 में कहा था कि ये 2023 में अविश्वास प्रस्ताव लेकर आएंगे। अविश्वास प्रस्ताव हमारी सरकार का नहीं, विपक्ष का टेस्ट है।

एनडीए और बीजेपी 2024 के चुनाव में पुराने सभी रिकॉर्ड तोड़कर बड़ी जीत के साथ जनता के आशीर्वाद से वापस आएगी। 2028 में विपक्ष फिर से अविश्वास प्रस्ताव लेकर आएगा। उन्होंने कहा, बीते कुछ दिनों में दोनों सदनों ने कुछ बिल पास किए हैं, जिनमें कोस्टल एक्वाकल्चर से जुड़ा बिल भी था। ये ऐसे बिल थे जो मछुआरों के हक़ के लिए थे जिसका सबसे ज़्यादा लाभ केरल को होना था। केरल के सांसदों से ज़्यादा अपेक्षा थी कि वे ऐसे बिल पर तो अच्छे से चर्चा में हिस्सा लेते। लेकिन राजनीति उन पर ऐसे हावी हो चुकी है कि उन्हें मछुआरों की चिंता नहीं है। यह राहुल गांधी पर तंज था। कुल मिलाकर कहा जाय तो विपक्ष अपने अविश्वास प्रस्ताव के मौके का लाभ नहीं ले सका। राहुल गांधी भी कांग्रेस या इंडिया गठबंधन के लिए कोई राजनीतिक पिच तैयार नहीं कर सके।

# राजद्रोह कानून को खत्म करने की पहल



नया विधेयक
प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

अंग्रेजों के जमाने से चला आ रहा देशद्रोह या राजद्रोह कानून समाप्त करने की पहल उचित है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित षाह ने मानसून सत्र के अंतिम दिन गुलामी के प्रतीक रहे तीन प्रमुख कानूनों में आमूलचूल बदलाव के विधेयक लोकसभा में पेश किए हैं। इनमें परिवर्तन की प्रतीक्षा लंबे समय से की जा रही थी, क्योंकि फिरंगी हुकूमत के समय वजूद में लाए गए ये कानून स्वतंत्रता सेनानियों को अधिकतम दंड देने की मानसिकता से बनाए गए थे, जबकि कोई भी विधि सम्मत प्रक्रिया दंड की अपेक्षा न्याय के सारोकारों से जुड़ी होनी चाहिए। षाह ने इन्हें संसद के पटल पर रखते हुए कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल 15 अगस्त को लाल किले से दिए संबोधन में पांच प्रण किए थे, इनमें एक प्रण गुलामी की निशानियों को खत्म करना था। ये प्रस्तावित विधेयक उसी परिप्रेक्ष्य में हैं। इन नए कानूनों के अंतर्गत दंड अपराध रोकने की भावना पैदा करने के लिए दिया जाएगा। ये नए कानून महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर केंद्रित हैं। पहली बार मॉब लीचिंग के लिए सात साल उम्रकैद या मौत की सजा का प्रावधान किया गया है। राजद्रोह कानून ब्रिटिश सत्ता को कायम रखने के लिए था, इसे अब खत्म किया जा रहा है।' कुछ प्रचलित धाराओं की संख्या भी बदली गई है। जैसे धोखाधड़ी 420 धारा के अंतर्गत थी, इसे अब धारा 316 के रूप में जाना जाएगा। इसी तरह बलात्कार की धारा 376 को 63 में बदला जाएगा।

प्रमुख रूप से अंग्रेजी राज का पर्याय बने तीन मूलभूत कानूनों में आमूलचूल परिवर्तन किए गए हैं। 1860 में बने इंडियन पेनल कोड को अब भारतीय न्याय संहिता, 1898 में बने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और 1872 में बने इंडियन एविडेंस कोड को अब भारतीय साक्ष्य संहिता के नाम से जाना जाएगा। कुल 313 धाराएं बदली जाएंगी। इनमें चार धाराएं सबसे ज्यादा असरकारी साबित होंगी। एक, राजद्रोह कानून से 'राजद्रोह' शब्द विलोपित कर दिया जाएगा। नए प्रारूप में धारा 150 के तहत आरोपी को सात साल की सजा से लेकर उम्रकैद तक की सजा दी जा सकती है। वर्तमान में आईपीसी की धारा 124-ए में राजद्रोह के आरोप में तीन साल से उम्रकैद तक की सजा का प्रावधान है।

दो, मॉब लीचिंग यानी उन्मादी भीड़ द्वारा हत्या और हिंसा के लिए अलग से सजा का प्रावधान किया गया है। इसे पंथ निरपेक्ष रखा गया है, क्योंकि कभी-कभी चोर को भी भीड़ मार देती है। झारखंड और अन्य कई अशिक्षित क्षेत्रों में महिलाओं को डायन बताकर समूह मार देता है। इन हत्याओं पर अब मॉब लीचिंग कानून लागू होगा। अभी तक ऐसे मामलों में हत्या की धारा 302 और दंगा या बलवा की धाराएं 147-148 के तहत कार्यवाही होती है। तीन, नाबालिग से दुष्कर्म या पहचान छिपाकर किए गए दुष्कर्म के आरोप में 20 साल का कारावास या मृत्युदंड का प्रावधान किया गया है। विरोध नहीं करने के अर्थ का आशय सहमति नहीं निकाला जाएगा। मौजूदा स्थिति में नाबालिग से दुष्कर्म पर न्यूनतम सजा में सात साल की व्यवस्था है। इसी तरह राज्यों को अब असली पहचान छिपाकर संबंध बनाने वाले अपराधियों के लिए 'लव जिहाद' जैसा पृथक कानून बनाने की जरूरत नहीं है। प्रस्तावित कानून में गलत पहचान बताकर नौकरी, पदोन्नति और अन्य प्रलोभन दिलाने के झूठे वादे कर



दुष्कर्म के अंजाम को सजा के दायरे में लाया गया है। लव जिहाद इसी के अंतर्गत आएगा। चौथा, देश में पहली बार छोटे-मोटे अपराधों के लिए सामुदायिक सेवा का क्रांतिकारी प्रावधान किया गया है। इन अपराधों में नशे में हंगामा और पांच हजार से कम की चोरी करने के आरोप में सामुदायिक सेवा की सजा दी जाएगी। ऐसी सजा में सार्वजनिक स्थलों पर पौधे लगाने जैसे प्रावधान शामिल हैं। हालांकि उच्च न्यायालय ग्वालियर ने इस तरह की सजाएं सुनाई हैं।

सबसे बड़ा परिवर्तन 1860 में अस्तित्व में आए औपनिवेशिक कानून 'राजद्रोह' में किया गया है। इसके औचित्य पर लगातार सवाल उठते रहे हैं। संसद में भी इस धारा के औचित्य पर कई बार प्रश्नचिह्न खड़े किए गए हैं, लेकिन बदलाव के इस प्रस्ताव से पहले कोई भी सरकार ने इस कानून में परिवर्तन की हिम्मत नहीं जुटा पाई। संप्रग सरकार में जब मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे, तब 2012 में राज्यसभा में प्रस्तुत एक निजी विधेयक में सांसद डी राजा ने कहा था कि 'देश में चले स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान स्वतंत्रता सेनानियों के दमन और उन पर अमानुषिक अत्याचार के लिए फिरंगी हुकूमत ने 1860 में देशद्रोह का कानून बनाया था। इसे और कठोर 1870 में धारा 124-ए को दण्ड प्रक्रिया संहिता में शामिल कर लिया गया था, लिहाजा इस कानून में अब बदलाव की जरूरत है।' लेकिन इस निजी विधेयक को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। दरअसल यही वह कालखंड था, जब 1857 का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम पूरे राष्ट्र में एकजुटता के साथ उभरा था। इसमें आमजन की बड़ी संख्या में भागीदारी थी। इसी आमजन को दंडित करने के लिए ही इस दमनकारी कानून को वजूद में लाया गया था। यह सब जानते हुए भी तत्कालीन मनमोहन सिंह सरकार ने धारा 124-ए को 'आतंकवाद, उग्रवाद और सांप्रदायिक हिंसा जैसी देशद्रोही समस्याओं से निपटने के लिए आवश्यक और संविधान सम्मत बताया था। सरकार ने इस समय संसद में यह भी स्पष्ट किया था कि समुचित दायरे में रहकर सरकार की आलोचना करने पर कोई रोक नहीं है, लेकिन जब आपत्तिजनक तरीकों का सहारा लिया जाए, तब यह धारा प्रभावी हो सकती है। तब बहस में भाजपा समेत कई दलों के सांसदों ने मौजूदा सरकार के इस रुख का समर्थन किया था। इस धारा के आतंकवाद और उग्रवाद के परिप्रेक्ष्य में चले आ रहे महत्व के चलते ही, इसे पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू भी नहीं हटा पाए थे, जबकि वे इसे हटाए जाने के पक्ष में थे।

धारा 124-ए के अंतर्गत लिखित या मौखिक शब्दों, चिह्नों प्रत्यक्ष या अप्रत्क्ष तौर से नफरत फैलाने या असंतोष जाहिर करने पर देशद्रोह का मामला दर्ज किया जा सकता है। इस धारा के तहत दोषी पर आरोप साबित हो जाए तो उसे तीन साल के कारावास तक की सजा हो सकती है। 1962 में षीर्श न्यायालय के सात न्यायाधीशों की खंडपीठ ने 'केदारनाथ बनाम बिहार राज्य' प्रकरण में, राजद्रोह के संबंध में ऐतिहासिक फैसले में कहा था कि 'विधि द्वारा स्थापित सरकार के विरुद्ध अव्यवस्था फैलाने या फिर कानून या व्यवस्था में गड़बड़ी पैदा करने या फिर हिंसा को बढ़ावा इेने की प्रवृत्ति या मंशा हो तो उसे राजद्रोह माना जाएगा।'

इसी परिभाषा की परछाईं में हार्दिक पटेल बनाम गुजरात राज्य से संबंधित मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि 'यदि कोई व्यक्ति अपने भाषण या कथन के मार्फत विधि द्वारा स्थापित सरकार के खिलाफ हिंसा फैलाने का आह्वान करता है तो उसे राजद्रोह माना जाएगा।' अदालत के इन फैसलों के अनुक्रम में किसी अन्य देश की प्रशंसा, परमाणु संयंत्रों का विरोध, राष्ट्रगान के सम्मान में खड़े नहीं होना, जैसे आचरण जरूर राजद्रोह नहीं कहे जा सकते हैं, लेकिन 'भारत तेरे टुकड़े होंगे हजार,' जैसे नारे न केवल राजद्रोह हैं, बल्कि राष्ट्रद्रोही भी है।' इस परिप्रेक्ष्य में यह समझ लेना भी जरूरी है कि संविधान का अनुच्छेद 19-1 अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी जरूर देता है, लेकिन इस पर युक्तियुक्त प्रतिबंध भी लगाया गया है। नए कानून में पहली बार आतंकवाद की इबारत को पारिभाषित किया गया है। यदि कोई व्यक्ति देश की एकता, अखंडता, संप्रभुता और सुरक्षा को संकट में डालने के इरादे से कोई कृत्य करता है तो उसे नए कानून के हिसाब से सजा मिलेगी। अतएव देश के अस्तित्व को चुनौती देने वाले बाहरी या भीतरी असामाजिक तत्व कानूनी षिकंजे से बचने न पाएं, इसकी व्यवस्था के प्रावधान किए गए हैं।

# रणनीति पर आत्मचिंतन करे विपक्ष



अविश्वास प्रस्ताव
उमेश चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

राजनीति की रवायत है। उसके हर कदम के कुछ घोषित तो कुछ अघोषित मकसद होते हैं। यह भी दिलचस्प है कि उसके घोषित मकसद से कहीं ज्यादा अघोषित और सांकेतिक मकसद महत्वपूर्ण होते हैं। लोकसभा में पेश विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव का घोषित मकसद मणिपुर के मामले को राष्ट्रीय नैरेटिव का हिस्सा बनाना रहा, लेकिन इसका अघोषित मकसद आगामी लोकसभा चुनाव का मुद्दा तय करना और उसके जरिये नरेंद्र मोदी सरकार को घेरना रहा। अविश्वास प्रस्ताव लोकसभा में विपक्षी बहिर्गमन के बाद ध्वनिमत से गिर चुका है। आगामी लोकसभा चुनाव तक के लिए मोदी सरकार की राह का कांटा दूर हो गया है। इसके बाद यह सवाल अहम हो जाता है कि क्या कांग्रेस का अविश्वास प्रस्ताव अपने घोषित और सांकेतिक-दोनों लक्ष्यों को हासिल करने में सफल रहा?

इसमें दो राय नहीं कि अविश्वास प्रस्ताव अपने घोषित मकसद में किंचित कामयाब रहा, लेकिन वह अपने सांकेतिक और अघोषित लक्ष्य को हासिल करने में नाकाम रहा है। इतना ही नहीं, एक तरह से कांग्रेस ने तश्तरी में मोदी सरकार को अगले चुनाव के लिए अपना एजेंडा स्थापित करने और उसी के अनुरूप चुनाव अभियान चलाने की सहूलियत प्रदान कर दी है। हमारा समाज हर मामले में पश्चिमोन्मुखी होकर गौरव महसूस करता है। राजनीति भी इसका अपवाद नहीं है, लेकिन अपने संसदीय और विधायी कार्य को देखिए और पश्चिम से उसकी तुलना कीजिए, तो पता चलता है कि हम भले ही दुनिया के सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के गौरवबोध में डूबे रहें, संसदीय प्रक्रिया को लेकर अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। अविश्वास प्रस्ताव के संदर्भ में यह विषयांतर होगा। सबसे पहली बात यह कि जिस कांग्रेस ने अविश्वास प्रस्ताव पेश किया, उसके प्रदर्शन को देखना होगा। लोकसभा की सदस्यता बहाल होने के बाद राहुल गांधी का लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर बोलना, पहला संबोधन था। उनके चाहने वाले ही नहीं, विरोधियों की भी निगाह राहुल के संबोधन पर थी। चाहने वाले इस उम्मीद में थे कि वे केंद्र सरकार के खिलाफ मजबूत घेरेबंदी करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे तो दूसरी तरफ सत्ता पक्ष आशंकित था कि राहुल कहीं नया विवाद न खड़ा कर दें, लेकिन राहुल ने अपने अनुयायियों को जहां निराश किया, वहीं सत्ता पक्ष को राहत दे दी। उनके लचर प्रदर्शन के बाद अब सत्ता पक्ष चुनावी मैदान में बार-बार उन्हें अयोग्य बताएगा, उनकी नाकामियां गिनाएगा। सत्ता पक्ष यह



साबित करने की कोशिश करेगा कि राहुल भले ही अधेड़ हो चुके युवा हों, लेकिन उनमें बचपना है। सत्ता पक्ष वोटरों के यह भी समझाने की कोशिश करेगा कि देश किसी बच्चे के हाथ नहीं दिया जा सकता। अपने ही अविश्वास प्रस्ताव पर कांग्रेस के लचर प्रदर्शन को लेकर बीजेपी समर्थक वोटरों में भी निराशा नजर आ रही है। मेट्रो-बसों की चर्चा में घोर बीजेपी समर्थकों की चर्चा सुनिए। उनके तर्क गजब-गजब के हैं। कोई सुझाव दे रहा था कि राहुल या कांग्रेस के बड़े नेताओं को सरकार के खिलाफ बोलते वक्त आरोपों की झड़ी लगानी चाहिए थी। उसमें तर्क और तथ्य होने चाहिए थे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कांग्रेस और उसके रणनीतिकार भूल गए कि अविश्वास प्रस्ताव के बहाने वे समूचे देश को संबोधित करने का मौका है। इस मौके से वे चूक गए। वाममोर्चे के एक-दो सदस्यों को छोड़ दें तो समूचा विपक्ष ही अविश्वास प्रस्ताव पर दिशाहीन नजर आया। समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव से भी उम्मीद थी कि कुछ वे तर्क देंगी, लेकिन उन्होंने भी निराश किया। चाहे जनता दल हो या राष्ट्रीय जनता दल, उसके सदस्य भी कोई धारदार और वजनी तर्क पेश नहीं कर पाए। जनता दल यू के सांसद गिरधारी यादव के संबोधन का आशय क्या रहा, नहीं लगता कि लोकसभा के सदस्य कुछ समझ पाए होंगे। विपक्ष के तर्कों के बरक्स भाजपा की दलीलें देखिए। भाजपा की ओर से चर्चा की शुरूआत करते हुए निशिकांत दुबे तर्क, तथ्य और तंज तीनों का अद्भुत मेल दिखाया। उनके तंज गहरे चुभन वाले रहे, लेकिन भाषा और तर्क ऐसी रही कि जिस कांग्रेस पर वे हमला कर रहे थे, उसके सदस्य भी मंद स्मित से भरे नजर आए। गृहमंत्री अमित शाह की ख्याति बहुत अच्छे वक्ता के तौर पर नहीं रही है, लेकिन उन्होंने अविश्वास प्रस्ताव के पहले दिन की चर्चा में जिस तरह तर्क, तंज और शब्दों का मेल दिखाया, वह अद्भुत रहा। यह सब जानते हैं कि मणिपुर के मसले को लेकर मैती समुदाय से कहीं ज्यादा जिम्मेदार कूकी समुदाय है। उनकी म्यांमार से लगातार जारी घुसपैठ जिम्मेदार है, लेकिन संसदीय व्यवहार के अनुरूप उन्होंने जब भी मैती समुदाय का जिक्र किया, हर बार उन्हें कूकी भाई कहा। उनकी जैसी अक्खड़ छवि रही है, उनके भाषण में किंचित वह रही, लेकिन ज्यादातर वक्त वे विनम्र दिखते रहे।

प्रधानमंत्री मोदी के लिए राहुल जैसे वरदान हैं। चर्चा का जवाब देते हुए उन्होंने राहुल का नाम नहीं लिया, अलबत्ता इस तथ्य को स्वीकार भी किया। अविश्वास प्रस्ताव हो या विश्वास प्रस्ताव, चर्चा का जवाब प्रधानमंत्री को ही देना होता है। इस नाते उनकी बारी सबसे आखिर में आती है। अविश्वास प्रस्ताव ने एक तरह से भाजपा को प्रचार का मौका दे दिया। प्रधानमंत्री इस कला में माहिर हैं। इस मौके का उन्होंने देश को संबोधित करने के रूप में लिया और इसका भरपूर फायदा उठाया। और एक तरह से अपने चुनावी अभियान की उन्होने शुरूआत कर दी। हां, एक सवाल जरूर उठ सकता है कि आखिर देश की समस्याओं के लिए कब तक नेहरू को जिम्मेदार ठहराया जाता रहेगा।

ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि भाजपा और केंद्र सरकार को यह मौका किसने मुहैया कराया, क्या कांग्रेस की अगुआई वाले विपक्ष की रणनीति में कोई खामी रही है? कांग्रेस समेत समूचे विपक्ष को इस पर मंथन करना होगा। मणिपुर पर चर्चा तो हुई, लेकिन इसमें भी अब तक सत्ता पक्ष बाजी मारता नजर आ रहा है।



गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## ग्रामीण महिला सीनियर स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



सितारा न्यूज नेटवर्क

**सीकर।** (विनोद धायल)राज्य सरकार के आदेश के तहत "नो बैग डे" पर "जीवन है अनमोल" थीम पर परिवहन निरीक्षक झाबर सिंह धायल ने ग्रामीण महिला शिक्षण संस्थान समिति शिवसिंहपुरा सीकर द्वारा संचालित बालिका सीनियर स्कूल में कक्षा 6 से 12 तक की छात्राओं , स्टाफ एवं बाल वाहिनी चालक परिचालक स्टाफ को अनमोल जीवन के बचाव हेतु सड़क सुरक्षा नियमों की पालनार्थ जागरूक किया। कक्षा 6 से 12 की छात्राओं को दुर्घटना आंकड़ों, यातायात नियमों, लाईसेंस बनवाने हेतु आवश्यक आनलाईन प्रकिया,सड़क पर संकेतों, सड़क लाईनों, ट्रैफिक सिग्नल, गुड सेमेरिटन एवं सड़क पर अच्छे मददगार के अधिकारियों के संदर्भ में मुख्यमंत्री चिरंजीवी जीवन रक्षक योजना, स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत प्रदत अधिकारियों एवं सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी गई एवं सड़क सुरक्षा के बताये नियमों को जीवन में आत्मसात कर अन्य लोगों को पालना हेतु प्रेरित करने हेतु संस्थान अध्यक्ष इंजी. झाबर मल एवं संस्था प्रधान डॉ. सुशीला पूनिया द्वारा शपथ दिलवाई गई।

हृदय अवरोध पर सी पी आर कैसे दिया जाता है डेमो देकर सभी को अवगत कराया गया । थीम के तहत अन्य आवश्यक जानकारी छात्र छात्राओं को दी गई। इस अवसर पर ग्रामीण शिक्षण संस्थान समिति उपाध्यक्ष बलवीर सिंह सारण, सचिव प्रो. डॉ. आर. के .सिंह, कार्यकरिणी सदस्य ओ.पी. सोनी सहित विद्यालय स्टाफ और छात्राएं उपस्थित रही।कार्यक्रम का सफल संचालन व्याख्याता विकास निखिल ने किया।

## मानवाधिकार विभाग में जिला उपाअध्यक्ष की नियुक्ति पर खुशी की लहर



सितारा न्यूज नेटवर्क

**सीकर।(विनोद धायल)** मानवाधिकार आ. टी.आई विभाग सीकर के जिला उपाध्यक्ष भंवर लाल बिजारणियां खूड को नियुक्ति प्रदान करने पर प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा द्वारा सम्मानित करने पर हार्दिक बधाई दी।भारतीय किसान यूनियन टिकैत युवा इकाई जिला अध्यक्ष नरेंद्र धायल ने बताया कि भंवर लाल एक बहुत ही नेक और ईमानदार छवि के इंसान हैं जो सभी वर्गों को साथ लेकर काम करते हैं इस मौके पर सीकर सब्जी मंडी उपाध्यक्ष महावीर प्रसाद बाजिया अभिनव जाखड़ राजू रेप्सवाल मंडावरा अजीत जाखड़ सत्यप्रकाश हुड्डा गांगियासर अमित रामनिवास ढाका गोकुलपुरा मालीराम लोकेश बुरडक शंकरलाल बिजारणियां एवं सीकर जिले के सभी सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## युवक के साथ मारपीट करने के मामले में तीन लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट हुई दर्ज

सितारा न्यूज नेटवर्क

**मंडावर।** थाना इलाके के केसरी का बास में गुरुवार रात्रि को आर के ईट उद्योग पर युवक के साथ मारपीट कर पटक जाने के मामले में थाना पुलिस में तीन लोगो के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज हुई । पीड़ित युवक के चाचा परसराम गुजर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना पुलिस ने बताया कि परसराम गुर्जर पुत्र किशन उम्र 52 वर्ष जाति गुर्जर निवासी मोडान का बास केसरी थाना मंडावर ने पुलिस में मामला दर्ज कराया की 11 अगस्त शुक्रवार को प्रातः करीब 4 बजे गांव के ही बच्चो अमरदीप, पंकज, कुंवर सिंह, दीपक आदि ने बताया की आपका भतीजा नंदराम उर्फ काडू पुत्र कैलाश गुर्जर को आर के ईट उद्योग केसरी का बस थाना मंडावर के पास मार कर पटक रखा है। तभी मैं, मेरी पत्नी व अन्य गांव वालों के साथ मौके पर पहुंचा। वहां मेरे भतीजे की गंभीर हालत देखकर मैंने भतीजे नंदराम उर्फ काडू से पूछा तो उसने बताया की पंकज पुत्र सेवाराम, उमेश पुत्र मदन अमित पुत्र केयरसिंह निवासी चकवाली थाना गंगोह जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश सभी ने जान से मारने की इरादे से कुल्हाड़ी से उसके साथ गंभीर मारपीट की। जिससे मेरे भतीजे के सिर पर गंभीर चोट आई। मेरे भतीजे को गला दबाकर मारने की कोशिश की गई। गंभीर हालत होने की वजह से एंबुलेंस के द्वारा सरकारी अस्पताल लेकर आए। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे एसएमएस हॉस्पिटल जयपुर रेफर कर दिया गया। इधर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## 15 अगस्त को होगा मुख्यमंत्री निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना का आगाज

### *जयपुर के बिरला ऑडिटोरियम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत करेंगे शुभारंभ*

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की बजट घोषणा की अनुपालना में मंगलवार, 15 अगस्त, 2023 को मुख्यमंत्री निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना का आगाज होगा। जयपुर के बिरला ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले समारोह में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इस योजना का शुभारंभ करेंगे।आयोजन को लेकर जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंप दी है। कलक्टर ने बताया कि गरीब एवं वंचित आमजन को बढ़ती महंगाई से राहत दिलाने के लिए मुख्यमंत्री निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना शुरू की है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वर्ष 2023-24 के बजट में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से जुड़े परिवारो के लिए यह योजना लागू की है।

**फूड पैकेट में मिलेगी यह खाद्य सामग्रीः** मुख्यमंत्री निःशुल्क फूड पैकेट योजना के तहत वितरित किये जाने वाले फूड पैकेट में एक लीटर सोयाबीन रिफाइंड तेल, एक किलो आयोडीन नमक, एक किलो चीनी, एक किलो चना दाल, 100 ग्राम धनिया पाउडर, 100 ग्राम मिर्च पाउडर, 50 ग्राम हल्दी पाउडर दिया जाएगा।

# स्वतंत्रता आंदोलन में अग्रवाल समाज का रहा महत्वपूर्ण योगदानः सुभाष गर्ग

## राजनीति में अहम हिस्सेदारी अग्रवाल समाज का हकः अशोक बुवानीवाला

सितारा न्यूज नेटवर्क





**खाटूश्यामजी।(विनोद धायल)।** देश के स्वतंत्रता आंदोलन में अग्रवाल समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। यह बात राजस्थान सरकार के तकनीकि शिक्षा राज्यमंत्री सुभाष गर्ग ने कही। वे अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा की युवा एवं छात्र इकाई द्वार खाटूश्यामजी के सेठ सांवरा भवन में चल रहे प्रशिक्षण शिविर के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। समापन सत्र का शुभारंभ महाराजा अग्रसैन, खाटू श्यामजी व महारानी लक्ष्मी की प्रतीमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेशाध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने की। इस अवसर तकनीकि शिक्षा मंत्री सुभाष गर्ग को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र भेंट करके अभिनंदन किया गया। अपने संबोधन में सुभाष गर्ग ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर के आयोजन के लिए संगठन के अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला और उनकी टीम बधाई की पात्र है। इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से युवाओं को राजनीति में लाने के लिए रोड मैप तैयार हो रहा है। देश की राजनीति में आज युवाओं की सख्त जरूरत है। अग्रवाल वैश्य समाज अपने संकल्प के माध्यम से युवाओं को राजनीति में लाने का एक अच्छा प्लेटफार्म दे रहा है और युवाओं को इसके माध्यम से भरपूर लाभ उठाना चाहिए।उन्होंने यह भी कहा कि किसी एक समाज की वोटों से कोई सांसद, एमएलए या जनप्रतिनिधि नहीं बन सकता। इसके लिए अन्य समाजों की भी स्वीकार्यता होनी चाहिए लेकिन यह भी सत्य है कि अग्रवाल समाज की अन्य समाजों में पूरी पकड़ और स्वीकार्यता है। अग्रवाल समाज की अन्य समाजों में इसलिए भी स्वीकार्यता इसलिए है कि वैश्य समाज के लोग किसी के साथ धोखा व बेईमानी नहीं करते और सदैव सेवा के लिए तत्पर खड़े रहते हैं। देश के स्वतंत्रता आंदोलन में अग्रवाल समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। अग्रवाल समाज के स्वतंत्रता सेनानियों की महत्वपूर्ण भूमिका के बलबूते पर ही आज हम आजादी की सांस ले रहे हैं। राज्यमंत्री सुभाष गर्ग ने उपस्थित समाज के लोगों से कहा कि हमारी राजनीतिक विचारधाराएं अलग-अलग हो सकती है लेकिन हमें सामाजिक तौर पर एक रहना चाहिए। अग्रवाल समाज को अपने सोशल और इकोनॉमिकल रिलेशन को पहचाना होगा तभी एक बड़ा बदलाव आ सकता है। अगर समाज के लोग एकजुट होकर तय कर ले तो सत्ता बदलने में कोई देरी नहीं लगेगी। राजनीतिक शक्ति मांगने से नहीं बल्कि अधिकारों की लड़ाई लड़ने से मिलती है। अग्रवाल समाज से गरीब-अमीर के भेदभाव को मिटाना होगा। समाज में ऐसा वर्ग ऐसा भी है जो अभावग्रस्त है, ऐसे लोगों व परिवारों को अपने गले लगाना होगा और उनके दुख-सुख में शरीक होना होगा। उन्होंने कहा कि राजनीति में फेस-टू-फेस संवाद एवं संबंधों का होना बेहद जरूरी है और राजनीति में कभी भी हार नहीं माननी चाहिए।इसके अलावा राजनीति में सुचिता का भी होना बहुत जरूरी है। बड़े दुख का विषय है कि आज राजनीति में निरंतर गिरावट आ रही है और राजनैतिक मूल्यों का पतन हो रहा है। राजनीति आदमी का व्यक्तित्व व चाल-चलन बेहद होना चाहिए। एक अच्छा व्यक्ति ही राजनीति से इसमें आई गिरावट को दूर कर सकता है। मंत्री सुभाष गर्ग ने राजस्थान सरकार द्वारा अग्रवाल समाज के लिए किए गए कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि राजस्थान सरकार ने महाराजा अग्रसेन जयंती पर अवकाश घोषित करने की घोषणा की है। इसके अलावा व्यापारिक कल्याण बोर्ड की स्थापना की जा चुकी है और महाराजा अग्रसेन कल्याण बोर्ड की स्थापना करने पर कार्य तेजी से चल रहा है।

अपने संबोधन में संगठन के प्रदेशाध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने कहा कि राजनीति में हमें पीछे धकेला जा रहा है। जितनी हमारी जनसंख्या है, जितने हमारे वोट हैं, उस हिसाब से हमें मान-सम्मान राजनीति में नहीं मिल रहा। उतनी हिस्सेदारी से हमें दूर रखा जा रहा है। राजनीति में अहम हिस्सेदारी समाज का हक है। राजनीति दलों ने अग्रवाल वैश्य समाज को सिर्फ वोट लेने का ही जरिया बना कर रख दिया है। देश की आर्थिक मजबूती में अग्रवाल वैश्य समाज की अहम भूमिका है। अशोक बुवानीवाला ने कांग्रेस, भाजपा, आम आदमी पार्टी समेत सभी दलों को अग्रवाल वैश्य समाज को राजनीति में हिस्सेदारी की बात कही है। हमारे अनुपात के हिसाब से हमें आगामी चुनावों में टिकटें दी जाएं, ताकि समाज के लोग राजनीति में आगे बढ़ सकें। इस मौके पर श्रीनिवास गुप्ता, सुभाष तायल, नवीन गोयल, विजय सोमानी, प्रदीप अग्रवाल, ललित बंसल, पवन अग्रवाल, अमरनाथ आर्य, हरिओम भाली मित्तल, नवदीप बंसल, दीपांशु बंसल, रवि गर्ग, विकास गर्ग, वेदप्रकाश गर्ग व पंकज कसेरा सहित प्रदेशभर से आए सैंकड़ों अग्रबंधू मौजूद थे।

### हरियाणा में महाराजा अग्रसैन कल्याण बोर्ड की स्थापना

शिविर में समापन सत्र में अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश सचिव राजेश सिंगला ने मांग उठाई कि जिस प्रकार से राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार ने महाराजा अग्रसैन कल्याण बोर्ड की स्थापना कर रही है। ठीक उसी तर्ज पर हरियाणा में भी महाराजा अग्रसैन कल्याण बोर्ड की स्थापना होनी चाहिए क्योंकि महाराजा अग्रसैन की कर्मभूमि हरियाणा के हिसार की अग्रोहा भूमि रही है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में महाराजा अग्रसैन के जीवन चरित्र को स्कूलों के पाठ्यक्रम में जोड़ा गया था लेकिन वर्तमान सरकार ने उन पाठ्यक्रमों को पुस्तकों से हटवा दिया। हरियाणा राज्य में अग्रवालों की तादाद 7 प्रतिशत है और इस समाज की लगातार अनदेखी की जा रही है। अपनी अनदेखी को लेकर प्रदेश का अग्रवाल समाज चिंतित व दुखी है।

### *राजस्थान राज्य विप्र कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष महेश शर्मा ने किया विमोचन*

## 'तिरंगा एक सम्मान' एवं 'गर्व मेरा भारत कार्यक्रम' के पोस्टर का विमोचन





सितारा न्यूज नेटवर्क

**पूनम फाउंडेशन एवं गठजोड़ फिल्म्स एंड एंटरटेनमेंट द्वारा आगामी 15 अगस्त को होगा कार्यक्रम**

**जयपुर।** पूनम फाउंडेशन एवं गठजोड़ फिल्म्स एंड एंटरटेनमेंट द्वारा आगामी स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2023 के अवसर पर पत्रिका गेट पर होने जा रहे तिरंगा एक सम्मान एवं गर्व मेरा भारत के पोस्टर का विमोचन राजस्थान राज्य विप्र कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष महेश शर्मा ने अपने निवास पर किया। उल्लेखनीय है कि तिरंगा एक सम्मान पत्रिका गेट जवाहर सर्कल पर पूनम फाउंडेशन द्वारा प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस एवं स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित किया जाता है, इस बार स्वतंत्रता दिवस पर पूनम फाऊंडेशन एवम् गठजोड़ फिल्म & एंटरटेनमेंट द्वारा गर्व मेरा भारत एवं तिरंगा एक सम्मान का भव्य आयोजन पत्रिका गेट जवाहर सर्किल पर किया जायेगा। पूनम फाउंडेशन के फाउंडर सांवर मल जांगिड़ ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य सहयोगी एसएस बीसीग्रुप ग्रुप एवम् जयपुर चक्की है। तिरंगा एक सम्मान कार्यक्रम के मुख्य आयोजक साँवर मल जांगिड ने बताया कि पोस्टर विमोचन में गठजोड़ फिल्म एंड एंटरटेनमेंट से महावीर कुमार सोनी, आचार्य अनुपम जॉली एवं मिताली सोनी मौजूद रहे।

## नेत्र जांच एवं बीपी शुगर का निशुल्क शिविर





सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** बसीटा धोबी समाज( रजक ) समिति बीकानेर के तत्वाधान में दो दिवसीय नेत्र जांच एवं बीपी शुगर जांच का निःशुल्क जीवन ज्योति शिविर आज दिनांक 12 अगस्त 2023 को प्रातः 9:30 बजे धोबी समाज धर्मशाला, रामदेवजी के मंदिर के पास, रानी बाजार में शुरू हुआ। बैंक ऑफ बड़ौदा के भूतपूर्व अग्रणी जिला प्रबंधक एवं मुख्य प्रबंधक के सी खरखोदिया ने धोबी समाज के संत बाबा गाडगे जी की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए इस शिविर का शुभारंभ किया ।

शिविर में राज. सरकार स्वास्थ्य विभाग की जनता क्लीनिक के स्वास्थ्य अधिकारियों /कर्मियों डॉ सुरेन्द्र चौधरी, डॉ गोविंद ओझा , डॉ अशोक कुमार, भीखम चंद पुरोहित, सफीना खान व सुनील तंवर ने बी पी व शुगर की जांच में सहयोग किया एवं विजन स्प्रिंग फाउंडेशन के डा. राजकुमार व अन्य स्टाफ विवेक कुमार , अजय द्वारा नेत्र जांच की गई । बसीटा धोबी ( रजक ) समाज , बीकानेर के अध्यक्ष गोपाल बानिया और सचिव रघुबीर भाटी ने जांच स्टाफ का माला पहना कर स्वागत एवं अभिनन्दन किया और बताया कि आज के इस जांच शिविर में 108 सर्वसमाज की महिलाओं व पुरुषों की निःशुल्क जांच की गई । आज के इस जांच शिविर में बासीटा धोबी समाज के कार्यकताओं एवं अन्य समाज सेवी राजीव शर्मा, दिनेश शर्मा तथा एडवोकट दीपक गौड़ ने शिविर में उपस्थित होकर सहयोग किया जिनकोअध्यक्ष गोपाल बानिया एवं सचिव रघुबीर भाटी ने धन्यवाद दिया और उनका आभार जताया ।


## 8 बदमाशों ने धारदार हथियार से किया हमलाः मदद के लिए चिल्लाता रहा

सितारा न्यूज नेटवर्क



**जोधपुर।** जोधपुर के महामंदिर थाना इलाके में शनिवार शाम 4 बजे एक युवक पर 8 बदमाशों ने धारदार हथियारों के साथ हमला बोल दिया। दिनदहाड़े हुई इस दहशतगर्दी से लोग सकते में आ गए। युवक लहूलुहान होकर सड़क पर मदद की भीख मांगता रहा। महामंदिर एसएचओ मांगीलाल बिश्नोई ने बताया कि शाम 4 बजे रोजगार कार्यालय के पास मदेरणा कॉलोनी निवासी नदीम सोलंकी पुत्र महबूब भिश्ती पर राहुल गिरी और उसके साथियों ने धारदार हथियारों से हमला किया। दोनों के बीच लंबे समय से रंजिश बताई जा रही है। सिर से पैर तक लहूलुहान घायल नदीम सड़क पर पड़ा मदद की गुहार लगाता रहा। पुलिस उसे ऑटो में महात्मा गांधी अस्पताल लेकर गई। जहां उसका इलाज चल राह है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अचानक 7-8 बदमाश आए और नदीम पर टूट पड़े। वह मदद के लिए चिल्लाया लेकिन कोई आगे नहीं बढ़ा। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। हमला महामंदिर थाना इलाके में पुल के नीचे हुआ। हमले से क्षेत्र में दहशत फैल गई। लोग समझ पाते उससे पहले ही नदीम पर कई वार कर दिए गए। वारदात के बाद हमलावर भाग गए। आईसीयू में नदीम का इलाज चल रहा है।

## परचून की दुकान में भीषण आग से लाखों का सामान जलकर हुआ खाक







सितारा न्यूज नेटवर्क

**नारायणपुर, (बिन्टू कुमार।** कस्बे में शुक्रवार की देर रात एक परचून की दुकान में अचानक आग लग गई। जिसमे लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे दुकानदार और ग्रामीणों ने पानी के टैंकर से आग पर काबू पाया। तब तक दुकान में रखा सामान जलकर खाक हो गया। घटना देर रात करीब 1 बजे की हैं। जहाँ बास बैरिसाल जयपुर सड़क मार्ग पर रामशरण रैगर की परचून की दुकान में भयंकर आग लग गई। पीड़ित दुकानदार ने बताया कि शुक्रवार की रात करीब साढ़े 9 बजे रोजाना की तरह दुकान बंद करके घर चला गया था। रात को पडौसी ने सुचना दी की दुकान में आग लग गई।

मौके पर पहुंच कर देखा तो दुकान में भयंकर आग लगी हुई थी। पानी का टैंकर मंगवाकर ग्रामीणों की सहायता से करीब 1 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। तब तक दुकान में रखा दुकान में सामान और नगदी जलकर खाक हो गई। पीड़ित दुकानदार ने दुकान में करीब 10 लाख रुपए का नुकसान होने की आशंका जताई हैं। सूचना पर नारायणपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। वही पुलिस आग लगने के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है। घटना की जानकारी के लिए मौके पर सरपंच प्रतिनिधि भवानीशंकर सैनी, थानाधिकारी अजीत कुमार, समाजसेवी भैरूसहाय रैगर आदि मौजूद थे। वही पीड़ित दुकानदार रामशरण ने दुकान के पीछे सामान बिखरा होने पर अज्ञात लोगो द्वारा दुकान में चोरी कर आग लगाने की आशंका जताई हैं। पीड़ित ने नारायणपुर थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया हैं।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

## राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों का हुआ समापन, जीते हुए टीमों का किया सम्मानित



सितारा न्यूज नेटवर्क

**शंकर कामदार /रामगढ़ पचवारा।** उपखंड के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामगढ़ पचवारा के परिसर में राजीव गांधी ग्रामीण ऑलम्पिक खेल प्रतियोगिता, - 2023 पंचायत स्तरीय का समापन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें अध्यक्ष सरपंच सरपंच घनश्याम खटीक, मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मुरारी लाल जागिड रहे। सरपंच घनश्याम खटीक द्वारा प्रतियोगिता में विजेता रही टीम के खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही खिलाड़ि ?यों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शारीरिक विकास के लिए खेल आवश्यक है। मुख्य अतिथि मुरारी लाल जांगिड ने अपने सम्बोधन में कहा कि खेल जीवन में अनुशासन को बढ़ावा देते है। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक रामावतार मीणा आचार्य ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी तथा हारी हुई टीमों को, लगातार प्रयास के लिए प्रेरित किया। साथ ही खेलों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर भामाशाह लक्ष ?मीनारायण मीणा आभानेरी, छगन लाल मीणा (कार्यक्रम प्रभारी), प्रभुलाल शर्मा, सुरेश सैनी, दौलतराम मौर्य, भोलाराम रैगर, राजकुमारी मीणा एवं समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

## हर घर तिरंगा अभियान का किया शुरू



सितारा न्यूज नेटवर्क

**रामगढ़ पचवारा।** उपखंड मुख्यालय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को रामगढ़ पचवारा उप डाक घर मे मोहन सिंह मीणा अधीक्षक डाकघर के जयपुर देहात मंण्डल के निर्देशन में अभियान डाक विभाग द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। पोस्टमास्टर शिवराम बैरवा ने बताया है कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी डाकघर द्वारा राष्ट्रध्वज का वितरण किया जा रहा है। प्रत्येक ध्यम की कीमत 25 रु.रखी गई है। इस दौरान पोस्टमास्टर शिवराम बैरवा तथा नरेश शर्मा, मिथलेश शर्मा, रामप्रसाद नापित, शारदा महावर, राजेन्द्र गुप्ता अर्थ सहित शंकर शर्मा डाक सहित कर्मी और ग्रामीण मौजूद रहे।

## स्कूल परिसर में हुआ पौधरोपण कार्यक्रम






सितारा न्यूज नेटवर्क

**वी.पी.मीणा / बहरोड़ ।** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य पर शनिवार को शहीद हरिराम उच्च माध्यमिक विद्यालय कांकर दौपा में अर्पण सेवा फाउंडेशन के प्रकृति आयाम के अंतर्गत संस्था के फाउंडर सदस्य विरेंद्र कुमार प्रजापत अपने पौत्र के अवतरण दिवस पर विद्यालय में 141 छायादार, फलदार, फूलदार, पौधे लगाए एवं संस्था द्वारा विद्यालय में वाटिका तैयार किया। प्रकृति आयाम प्रमुख राजेश मेहता व कार्यक्रम संयोजक राकेश मुच्छल ने बताया कि अर्पण सेवा फाउंडेशन लगातार अपने स्थापना से प्रकृति आयाम के तहत वृक्षारोपण अभियान जारी कर रखा है। जिसमें संस्था के फाउंडर सदस्य समय-समय पर अपने स्वजनों के जन्मोत्सव, वैवाहिक वर्षगांठ पर फाउंडेशन की प्रेरणा से पौधारोपण करके मानते हैं। इसी प्रेरणा के अंतर्गत विद्यालय में पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया। इस दौरान फाउंडेशन अध्यक्ष ओम यादव एवं अर्पण सेवा फाउंडेशन सदस्य व स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

## जन जन तिरंगा लहराएगा आजादी का जश्न मनाएगा: देवीलाल दादरवाल

सितारा न्यूज नेटवर्क

**कुचामनसिटी (अनिल सिखवाल) ।** आजादी का अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी मेरा देश- हर घर तिरंगा,घर-घर तिरंगा एवं पर्यावरण जन चेतना मुहिम के तहत आज न्यू मॉडर्न एजुकेशन ग्रुप जूनियर विंग हिंदी मीडियम में पेंटिंग व ड्रॉइंग प्रतियोगिता आयोजित की गई । प्रधानाचार्य मदनलाल ने बताया कि संस्थान के 350 छात्र- छात्रों ने प्रतियोगिता में भाग लिया । इसमें छात्र-छात्राओं ने तिरंगा, महापुरुषों, प्राकृतिक दृश्यों आदि की कलात्मक आकृतियों उकेर कर छात्रों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। खारिया सरपंच देवीलाल दादरवाल ने वीर शहीदों की शहादत के बारे में बताते हुए कहा कि हमारे देश को आजाद कराने वाले वीर शहीदों की याद में स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत छात्र-छात्रों को अपने घर पर तिरंगा फहराने का संदेश दिया। इस अवसर पर मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के प्रधानाचार्य कमलेश कुमार, प्रबंधक सदस्य सुरेश कुमार, बाबुलाल, राधेश्याम, आशीष दादरवाल व समस्त स्टाफगण उपस्थित रहे।

### गौड़ सनाढ्य ब्राह्मण सभा तहसील रामगढ़ पचवारा इकाई द्वारा आयोजित

# शपथ ग्रहण और प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित









सितारा न्यूज नेटवर्क

**शंकर कामदार/रामगढ़ पचवारा।** उपखंड के प्रभु कौशल रिसोर्ट में गौड सनाढ्य ब्राह्मण सभा तहसील रामगढ़ पचवारा जिला दोसा का नवनिर्वाचित तहसील अध्यक्ष घनश्याम तिवारी और कार्यकारिणी शपथ ग्रहण समारोह एवं प्रतिभा सम्मान समारोह गुरुवार को आयोजित किया गया है। जिसमें दोसा जिला के सभी तहसीलों की कार्यकारिणी मौजूद हुई। और शपथ ग्रहण समारोह में जिला अध्यक्ष वेद लक्ष्मीकांत सिंहवाड़ा द्वारा तहसील इकाई रामगढ़ पचवारा की समस्त नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई एवं समाज में कक्षा 8 कक्षा 10 एवं कक्षा 12 में उच्च अंक प्राप्त करने वाले बच्चों का वह खेलकूद प्रतियोगिता में समाज का उच्च स्तर पर नाम रोशन करने वाले बच्चों का सम्मान किया गया समाज के नगरपालिका पार्षदों, पिंकी कामदार,सीतादेवी कटारा ,मोनिका देवी, गणेश तिवारी, पार्षद प्रतिनिधि पंचायत, समिति रामगढ़ पचवारा एवं पंचायत समिति रामगढ़ पचवारा के उपप्रधान सूरज कटारा पंचायत समिति सदस्य डिंपल देवी का भी सम्मान किया गया, छात्र छात्राओं को सम्मानित किया जिसमे जय श्री शर्मा, सुहानी शर्मा, दीक्षा शर्मा, प्रिया शर्मा, प्रियांशी शर्मा, उसका शर्मा,पवन शर्मा ,राहुल शर्मा, रोहित , आयुष , जिला स्तरीय बैडमिंटन खेलकूद प्रतियोगिता में दौसा जिले में फर्स्ट स्थान प्राप्त करने वाले वरुण कामदार का भी स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष वैद्य लक्ष्मीकांत सिंगवाड़ा, कैलाश भारद्वाज, तहसील अध्यक्ष पंडित घनश्याम तिवारी , विवाह सम्मेलन समिति अध्यक्ष बनवारी लाल शर्मा, गिर्राज पालड़ी, पंडित राकेश शास्त्री अरनिया, मुकेश खादरिया, कमलेश,राजू लाल , उपप्रधान सूरज कटारा, जगदीश पंडा अमराबाद, अजय चक्की वाला, पंडित राजकुमार, दिनेश, घनश्याम गौड, हरिनारायण कटारा, कैलाश कटारा, मदन, लल्लू ,उमाशंकर राव, जगदीश कटारा,गोविंद नारायण नगर अध्यक्ष लालसोट, शिव कुमार मंडावरी, पंडित ओम प्रकाश जॉन,उत्तम, नवीन नगर अध्यक्ष परशुराम सेना, जितेंद्र तिवारी राम प्रसाद तिवारी, विष्णु नवरंगपुरा, महेंद्र दूधवाला, मुकेश खादरिया, सागर पालड़ी, विपिन, बाबूलाल पुजारी ,कैलाश कोठारी, नवल किशोर कामदार, मुकेश जी कैलाश जी गॉड, अशोक आभानेरी, हंसराज अमराबाद, अंकित कटारा, रामगढ़ ज्ञानचंद जी बिदरखा सहित कार्यक्रम में समाज के आदि बंधु मौजूद रहे।

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भगवान भागवत कथा ज्ञान यज्ञ शूरू

## श्रीमद् भगवान कथा ज्ञान यज्ञ में कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व भाजपा प्रत्याशी रामबिलास मीणा





सितारा न्यूज नेटवर्क

**शंकर कामदार/रामगढ़ पचवारा।** उपखंड मुख्यालय के कवरपुरा में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का कलश यात्रा के साथ ब्रह्मर्षि स्वामी विद्यानंद महाराजा के सानिध्य में शुरू हुआ। कंवरपुरा ठाकुर जी के मंदिर से झंडा पूजन के साथ कलश यात्रा गाजे-बाजे के साथ शुरू होकर बालाजी मंदिर पहुंची। शनिवार को कलश यात्रा निकाली गई जिसमे महिलाओं ने सिर पर



कलश रखकर मंगल गीत गाती हुई चल रही थी। और पुरुष हाथ में झंडा लेकर चल रहे थे। कथावाचक चन्द्रमणि शास्त्री महाराज के द्वारा कथा दोपहर 1 बजे से सायं 4 बजे तक बालाजी मन्दिर कंवरपुरा बामनहेड़ी में सुनाई जा रही है। कलश यात्रा में पोथी उप प्रधान सूरज कटारा ने सिर पर रखकर चल रही थे। प्रधान कलश पूर्व उप प्रधान किशन लाल मीणा, प्रधान झंडा सीताराम जांगिड़ कंवरपुरा रहे। कलश यात्रा में इस दौरान मोहन मीणा जगदीश कटारा, हरिनारायण कटारा, कैलाश बालाजी, समुंदर सिंह, लोहड़ी, गिराज कटारा, रामचंद्र तिवारी, पंडित घनश्याम तिवारी, विष्णु तिवारी रामजी लाल कटारा ,सीताराम मीणा, फैलीराम सैनी, डब्बू कटारा, ईश्वर , विष्णु कटारा, गणेश , राहुल, पिंकी कामदार, मनभर देवी मीणा, संतोष कटारा ,अनिता जांगिड़, सरिता जांगिड़, मंजू ,लक्ष्मी गुप्ता ,लाली मीणा, रेनू, सलोचना कटारा, मीरा, सहित आदि श्रद्धालु मौजूद रहै।

## गहलोत के राज में गुंडागर्दी और महिला अत्याचार चरम पर: प्रदेशाध्यक्ष नटवाडिया

### गहलोत की विधर्मियों से साठ-गांठ गलत नीति का गलत परिणाम भुगत रही है जनता परेशान

सितारा न्यूज नेटवर्क



**जयपुर।** रमेंद्र कुमार नटवाडिया भाजपा नेता झोटवाड़ा विधान सभा ने कहा कि कांग्रेस की गलत नीतियों के अनुरूप ही राजस्थान में गुंडागर्दी व असामाजिकता का वातावरण बना हुआ है जनता में भय व्याप्त है माता- बहनों का घर से बाहर निकालना भी मुश्किल हो गया है कांग्रेस सरकार अपने घोषणा पत्र में बहुत सारे वादे करती है पर कार्य उसके विपरीत करती है राजस्थान में गत साढ़े चार साल से गुंडागर्दी व महिला गैंगरेप तेजी से बढ़ रहे हैं इसका मूल कारण सरकार अन्य के इशारों पर कम कर रही है यह विधर्मियों की सरकार है इन्हें धर्म से कोई लेना-देना नहीं है इसके राजनेता भी अवसरवादी और तानाशाही है इस रावण राज में धार्मिक स्थान भी सुरक्षित नहीं है बहन बेटियां सुरक्षित नहीं है जोबनेर ज्वाला माता के दर्शन करने आई महिला के साथ सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के नाम पर दुष्कर्म किया सरकार व कानून का कोई डर नहीं है ऐसे असामाजिक तत्व निडर होकर इधर-उधर घूम रहे हैं ऐसी सरकार को शर्म आनी चाहिए ऐसी सरकारों का विरोध होना चाहिए जनता अपने साथ हो रहे अन्याय को देख रही है आने वाले विधानसभा चुनाव में इन्हें सबक सिखाया जाएगा।

## महिला उद्यमियों का सहारा बनेगा सबला सतरंगी सावन मेला, इस दिन से होगा आयोजन

सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबन बनाने के उद्देश्य से सबला कुटुम्ब की ओर से 25 से 27 अगस्त तक सबला सतरंगी सावन मेले का आयोजन गोकुल सर्किल स्थित सूरदासाणी बगेची में किया जा रहा है। आयोजक वीणा आचार्य ने बताया कि सबला कुटुंब महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए इय मेले का आयोजन कर रहा है। जिसके अंतर्गत महिला उद्यमियों द्वारा 40 दुकानें सजाई जाएगी। जिसमें रेडीमेड गारमेंट्स किड्स वियर पार्टी वियर कैजुअल वेयर सभी तरह के ड्रेस मटेरियल के अलावा आर्ट एंड क्राफ्ट के आइटम, पर्स बैग एसेसरीज ज्वेलरी साडियां फुटवियर बेकरी, फलाहारी, लड्डू गोपाल के वस्त्र, तीज के सातू, घरेलू डेकोरेटिव समान, चद्दर-पर्दे, फास्ट फूड आदि उत्पाद की दुकानें लगाई जाएगी। साथ ही बच्चों के मौज मस्ती खेलने कूदने की दृष्टि से भी काफी अरेंजमेंट किए गए हैं। सुबह ग्यारह बजे से रात दस बजे तक चलने वाले इस मेले में मेहंदी, रंगोली, पेंटिंग आदि कई प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। तीनों दिन शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम रखे गए हैं। आचार्य ने बताया कि मेले के दौरान समाजसेवियों और सामाजिक संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा। उभरती महिला उद्यमी प्रतियोगिता होगी। जिसके विनर को सबला शक्ति अवार्ड 2023 से सम्मानित किया जाएगा।

## अध्यक्ष ऋषि आचार्य, सचिव पारीक व कार्यकारिणी ने ली शपथ

सितारा न्यूज नेटवर्क



**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** रोटरी क्लब बीकानेर मिडटाउन के पास सेवा का बेहतरीन जज्बा है, पुरे वर्षभर अथक सेवा कार्य जारी रखते है जिसमे दान पुण्य, शिक्षा, जागरूकता, स्वच्छता, पारीवारिक जन-जुड़ाव के बड़े कार्य करता है यह उद्गार थे पूर्व प्रांतपाल अरुण प्रकाश गुप्ता के, यह विचार रोटरी क्लब बीकानेर मिडटाउन की नई कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में रखे।

पूर्व अध्यक्ष घनश्याम रामावत ने बताया कि ऋषि आचार्य ने धर्मपत्नि बिन्दु आचार्य के साथ अध्यक्ष पद की शपथ ली, उनके साथ सचिव के पद पर राजेश पारीक, कोषाध्यक्ष नवरतन अग्रवाल, उपाध्यक्ष हेमंत शर्मा, सह सचिव वीरेंद्र आर्य, सार्जेंट एण्ड आर्म्स दीपक सुथार, सम्पादक मुरली मनोहर पँवार व रघुवीर झँवर, निदेशक पद पर श्रीलाल चांडक, रामरतन धरनिया, प्रवीण डागा, गौरीशंकर सोमानी, शशि बिहानी, मुरली पुरोहित, गिरिराज जोशी विभिन्न चेयरमेन पद के लिए बाबूलाल सोनी, सत्य नारायण पेड़ीवाल, मोहित करनानी सहित नई कार्यकारिणी ने शपथ ली। समारोह की शुरूआत मे पूर्व निवर्तमान अध्यक्ष घनश्याम रामावत ने पिछले वर्ष का प्रतिवेदन पेश किया। इन्स्टालेशन अधिकारी राजेश चुरा ने वर्ष 2022-23 मे क्लब मिडटाउन को सौ प्रतिशत सदस्यों द्वारा रोटरी फाउंडेशन मे योगदान दिए जाने पर सराहनो क्लब मे 10 नए सदस्य जोड़े गए जिनमे 2 सदस्य देव नारायण छंगाणी व आशीष शर्मा को रोटरी सदस्यता की महत्ता बताते हुए शपथ दिलाई समारोह मे विशिष्ट अतिथि सहायक प्रान्तपाल गुलाब सोनी ने क्लब के एक परिवार की तरह काम होने की खुशी जाहिर की

कार्यक्रम का संचालन आशीष चुरा व रघुवीर झँवर ने कियो कार्यक्रम आयोजन मे सुरेश राठी, मुकेश सुथार, नवरतन अग्रवाल, मुरली मनोहर पँवार, प्रभुलाल सेन, कैलाश सिंघी, सुरेश सिंघी, राम चाँड़क ने मुख्य भूमिका निभाई।

समारोह मे शहर के गणमान्य नागरिकों के साथ पूर्व डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी जनरल रोटे. मनीष तापड़िया, डीआरआर गौरव मुंधडा, राहुल माहेश्वरी, हरीश कोठारी, माया चांडक, पीयूष संघाई, प्रियंका संघाई, पंकज पारीक, गोपाल अग्रवाल, सुरेन्द्र जोशी, रेखा आचार्य ने कार्यक्रम मे शिरकत की।

### भाजपा नेत्री डॉ सुषमा यादव का तीन चरणों में पूरा होगा चौमूं विधानसभा का जनसंपर्क अभियान, पहला आज

# परिवर्तन प्रकृति का नियम है ,जनता परिवर्तन चाहती है : डॉ सुषमा यादव

### प्राचीन गढ़ गणेश मंदिर से प्रारंभ होकर विधानसभा क्षेत्र के अनेक गांवो से निकलेगी जनसंपर्क यात्रा रैली

## डॉ यादव केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं का करेंगी प्रचार प्रसार

सितारा न्यूज नेटवर्क



**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर)।** भाजपा नेत्री डॉ. सुषमा यादव के जनसंपर्क यात्रा अभियान का शुभारंभ आज रविवार प्रातः 8:30 बजे प्राचीन गढ़ गणेश मंदिर होगा । जनसंपर्क यात्रा के माध्यम से भाजपा नेत्री डॉ सुषमा यादव संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र में आमजन से तीन चरणों में रुबरु होकर केन्द्र की भाजपा सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का प्रचार प्रसार करेगी। भाजपा नेत्री सुषमा यादव ने बताया कि जनता परिवर्तन चाहती है ओर परिवर्तन प्रकृति का नियम है । देश व समाज में वर्तमान परिपेक्ष्य में महिलाओं की स्थिति का हवाला देते हुए कहा कि आज देश में जो महिला उत्पीडन हो रहा है उससे पूरा देश व समाज अछुता नही है एक महिला ही महिला के दर्द को भलिभांति समझ सकती है अतः महिला सशक्तिकरण हेतु महिलाओ को आगे आकर परिवर्तन की इस आंधी में अपनी भागीदारी मजबूती के साथ निभानी होगी । डॉक्टर सुषमा यादव ने बताया कि जनसंपर्क यात्रा रैली के दौरान गांव गाव जनसम्पर्क कर लोगों से उनकी समस्याओं को जानेंगे तथा आमजन में केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जाएगा ।

डॉ सुषमा यादव ने कांग्रेस सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि राजस्थान मे महिला अत्याचार बढ़ते जा रहे हैं, महिलाओं की सुरक्षा को लेकर व उनके अधिकारो को लेकर वे जानवी वूमेन सोसाइटी संस्था के द्वारा लड़ाई व संघर्ष करती आ रही है और पिछले कई वर्षों से चौमूं विधानसभा क्षेत्र से भाजपा पार्टी की एक सक्रिय कार्यकर्ता की भूमिका निभाते हुए कार्य कर रही हैं। गौरतलब है कि भाजपा नेत्री सुषमा यादव आगामी विधानसभा चुनाव में चौमूं विधान सभा क्षेत्र से भाजपा के टिकिट की दौड में है । डॉ सुषमा यादव 2011 से लगातार आमजन के हितों के लिए संघर्ष कर रही हैं । बता दे कि भाजपा महिला विधायक प्रत्याशी के रुप में डॉ. सुषमा यादव का आमजन में भी अच्छा खासा क्रेज नजर आ रहा है ।

डॉ.सुषमा यादव ने आमजन से अपील की है कि वे ज्यादा से ज्याद उनके जनसंपर्क यात्रा अभियान का हिस्सा बने साथ ही चौमूं क्षेत्र को खुशहाल बनाने व क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने में उनका साथ देवें।

बता दे कि जनसंपर्क यात्रा के पहले चरण में जनसंपर्क यात्रा अभियान चौमूं गढ़ गणेश मंदिर से प्रारंभ होकर टांकरडा कालाडेरा आस्टी कानरपुरा सहित विभिन्न गांवो में जनसंपर्क करती हुई किशनमानपुरा पहुंचकर संपन्न होगी ।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

सितारा न्यूज नेटवर्क

**धौलपुर।** सदर थाना क्षेत्र के सरानी गांव में शुक्रवार शाम को बाइक सवार युवक को सामने से तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर घायल हो गया। हादसे के दौरान मौके पर मौजूद लोगों की मदद से घायल युवक को जिला अस्पताल लाया गया, जहां से उसे गंभीर हालत में प्राथमिक इलाज के बाद जयपुर रेफर किया गया। घायल युवक के परिजनों ने बताया कि बाइक सवार युवक बंटी (28) पुत्र वासुदेव निवासी जपावली घर के काम से धौलपुर आया था। धौलपुर से काम खत्म करने के बाद वह बाइक से वापस अपने घर की ओर जा रहा था। इसी दौरान सरानी गांव के पास सामने से तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में सिर पर गंभीर चोट लगने की वजह से युवक गंभीर घायल हो गया। इसी दौरान मौके पर मौजूद लोगों की मदद से घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया और उसके परिजनों को सूचना दी गई।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## 2 गोल से पिछड़ने के बाद मलेशिया को 4-3 से हराया, सबसे ज्यादा टाइटल जीते

# भारत फिर जीता एशियन चैंपियंस खिताब

**भारत इस टूर्नामेंट के सबसे ज्यादा खिताब जीतने वाला देश बना**

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

भारतीय हॉकी टीम ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीत लिया है। टीम ने मलेशिया को 4-3 से पराजित कर दिया। भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में चौथी बार चैंपियन बनी है। इसी के साथ भारत इस टूर्नामेंट के सबसे ज्यादा खिताब जीतने वाला देश बन गया है। चेन्नई के राधाकृष्णन स्टेडियम में शनिवार को अपना 5वां फाइनल खेल रही टीम इंडिया हाफ टाइम तक 2 गोल से पिछड़ रही थी, तब स्कोर लाइन 3-1 था। फिर मुकाबले के आखिरी दो क्वार्टर में भारतीय खिलाड़ियों ने तीन गोल दागते हुए जीत हासिल की। मुकाबले में भारत की ओर से जुगराज सिंह ने 9वें मिनट, कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 45वें मिनट, गुरजंत सिह ने भी 45वें मिनट और आकाशदीप सिंह ने 56वें मिनट में गोल दागा। साथ ही मलेशियाई टीम की ओर से अजराई अबू कमाल ने 14वें मिनट, रहीम रजी ने 18वें मिनट और मुहम्मद अमीनुदीन ने 28वें मिनट में गोल दागा।



### पहले गोल के लिए दोनों टीमों की आक्रामक शुरुआत

दोनों ही टीमों ने मैच की आक्रमक शुरुआत की। दोनों टीमों ने गोल के चांस बनाए। मलेशिया ने शुरुआती मिनटों में बढ़त लेने की कोशिश की, लेकिन भारतीय डिफेंस ने शानदार बचाव किया। फिर 9वें मिनट में भारत को पहले गोल मिला। जुगराज सिंह ने पेनल्टी कार्नर पर गोल करते हुए भारत को 1-0 की बढ़त बनाई। कुछ देर बाद 14वें मिनट में मलेशिया अजराई बाबू कमाल ने 14वें मिनट में मैदानी गोलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया।

### हाफ टाइम तक मलेशिया ने ली बढ़त

इस क्वार्टर में डबल गोलकर मलेशिया ने हाफ टाइम तक 3-1 की बढ़त हासिल कर ली। टीम ने शुरुआत से ही भारतीय डिफेंस पर दबाव बनाना शुरू कर दिया। यहां मलेशियाई खिलाड़ी पेनल्टी कॉर्नर की तलाश में थे। उन्हें 18वें मिनट में सफलता मिली। यहां रहीम रजी ने नेट के टॉप में ड्रैग फ्लिककर गोल दाग दिया। दूसरे क्वार्टर में दोनों टीमों को 1-1 ग्रीन कार्ड मिला यानी प्लेयर्स को 2-2 मिनट केमि सस्पेंशन ले। भारतीय टीम ने क्वार्टर के आखिरी मिनटों में अटैकिंग गेम खेला और कई मौके बनाए। 28वें मिनट में मलेशिया को पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिस पर मोहम्मद महमुद्दीन ने गोल किया।

### तीसरे क्वार्टर में भारत ने की जोरदार वापसी

हाफ टाइम तक 3-1 से पिछड़ने के बाद भारतीय टीम ने तीसरे क्वार्टर में जोरदार वापसी की। इसमें टीम ने दो गोल दागते हुए स्कोर लाइन 3-3 से बराबर कर ली। इस क्वार्टर के आखिरी और मैच के 45वें मिनट में हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी स्ट्रोक पर शानदार गोल दागा। फिर गुरजंत ने फील्ड गोलकर भारत को बराबरी दिला दी। भारतीय टीम ने आखिरी क्वार्टर में शानदार खेल दिखाया। इसकी शुरुआत 3-3 के स्कोर के साथ हुई। आकाशदीपने 56वें मिनट में मंदीप के पास पर गोल करते हुए मुकाबला भारत के पक्ष में कर दिया। आखिरी के चार मिनट में मलेशियाई खिलाड़ी बराबरी का गोल नहीं कर रहे और ट्रॉफी भारत की झोली में आई।

---

## गिल-जायसवाल की विंडीज के खिलाफ सबसे बड़ी ओपनिंग पार्टनरशिप

सीरीज 2-2 से बराबर, सीरीज का निर्णायक मुकाबला कल

# भारत ने चौथे टी-20 के मैच में इंडीज को 9 विकेट से रौंदा

एजेंसी ▶▶| फ्लोरिडा

गिल-जायसवाल की रिकॉर्ड साझेदारी से भारत ने चौथे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 9 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ टीम ने 5 मुकाबलों की सीरीज में 2-2 की बराबरी हासिल कर ली। सीरीज का आखिरी और निर्णायक मुकाबला 13 अगस्त को फ्लोरिडा के लॉडरहिल क्रिकेट ग्राउंड पर रात 8:30 बजे से खेला जाएगा।इसी मैदान पर शनिवार को वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 178 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने 17 ओवर में जीत के लिए जरूरी रन बना डाले। इस जीत के हीरो युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल रहे। दोनों ने 165 रनों की ओपनिंग पार्टनरशिप की। यह वेस्टइंडीज के खिलाफ भारतीय ओपनर्स की सबसे बड़ी साझेदारी है। आगे पढ़िए मैच रिपोर्ट और एनालिसिए...

**गिल-जायसवाल ने जिताया, अर्शदीप की सटीक गेंदबाजी**



भारतीय टीम ने (बैटिंग, बॉल और फील्डिंग) तीनों की विभागों ने सराहनीय प्रदर्शन किया, लेकिन जीत का श्रेय युवा ओपनर्स गिल-जायसवाल की जोड़ी को गया। अर्शदीप ने भी शानदार गेंदबाजी की, लेकिन रन भी खुब लुटाए। ऐसे में टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी वेस्टइंडीज ने 57 रन पर चार विकेट गंवाने के बावजूद 178 रन का स्कोर खड़ा कर दिया। इस स्कोर में हेटमायर और शाई होप का योगदान अहम रहा। हेटमायर ने होप और ओडियन स्मिथ के साथ उपयोगी साझेदारियां कीं। इस पारी के शुरुआती ओवर्स में कुलदीप-अर्शदीप के कॉम्बिनेशन ने कैरेबियंस को दवाब में डाल दिया था, लेकिन शाई होप की पारी ने संभाला। 179 रन का टारगेट चेज करने उतरे भारतीय ओपनर्स लय में दिखे और पावरप्ले में 66 रन जड़े दिए। गिल-जायसवाल की जोड़ी ने इस शुरुआत को आगे बढ़ाया और विंडीज के खिलाफ सबसे बड़ी ओपनिंग साझेदारी कर डाली, जो भारतीय टीम की जीत का सबसे बड़ा कारण रही।

---

## नार्थईस्ट यूनाइटेड ने गोवा को 2-2 की बराबरी पर रोका

**गुवाहाटी।** नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने डिफेंडर संदेश झिंगन के आत्मघाती गोल की मदद से शनिवार को यहां डूरंड कप फुटबॉल में एफसी गोवा को 2-2 से बराबरी पर रोका। मानवीर सिंह ने गोवा के गोलकीपर धीरज सिंह की गलती का फायदा उठाते हुए मैच के 24वें मिनट में नॉर्थईस्ट का खाता खोला। पहले हाफ के इंजुरी टाइम में रोवलिन बोर्गेस ने गोवा के लिए पहला गोल कर स्कोर बराबर कर दिया। मैच के दूसरे हाफ में खेल शुरू होने के सातवें (मैच का 52वां मिनट) में झिंगन के गोल ने नॉर्थईस्ट को बढ़त दिला दी लेकिन इरशाद के फाउल पर गोवा को पेनल्टी मिली। नोआ सदाउई ने इसे गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की जिससे स्कोर 2-2 से बराबर हो गया।

---

## 34 सदस्यीय सीनियर महिला हॉकी संभावित खिलाड़ियों में नाम नहीं

# एशियाड के लिए भारतीय टीम में रानी की अनदेखी

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

सितंबर-अक्टूबर में होने वाले हांगझोउ एशियाई खेलों की तैयारियों के मद्देनजर राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए शनिवार को 34 सदस्यीय सीनियर महिला हॉकी संभावित खिलाड़ियों में अनुभवी फॉरवर्ड रानी रामपाल की अनदेखी की गई।

रामपाल ने गुरुवार को राष्ट्रीय मुख्य कोच यानेक शॉपमैन की आलोचना करते हुए अपने अच्छे प्रदर्शन के बावजूद अनदेखी किए जाने के लिए जवाब मांगा था। शिविर से पहले शॉपमैन ने हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति में कहा, 'हमने हाल की प्रतियोगिताओं में दिखाया कि बतौर टीम आगे बढ़ रहे हैं और लगातार सीख रहे हैं। हमारे लिए आगामी शिविर बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि हम हांगझोउ एशियाई खेलों के लिए तैयारी कर रहे हैं जो पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफाई करने का रास्ता बन सकते हैं। हम शिविर में उन चीजों पर ध्यान लगाएंगे जिसमें हमें अब भी सुधार की जरूरत है और यह सुनिश्चित करने पर ध्यान लगाएंगे कि सभी खिलाड़ी उसी तरह की हॉकी खेलने में सहज हैं जो हम खेलना चाहते हैं।' शिविर यहां रविवार को शुरु होकर 18 सितंबर को समाप्त होगा। भारत एशियाड में 27 सितंबर को अपने अभियान की शुरूआत करेगा। टीम को पूल ए में कोरिया, मलेशिया, हांगकांग, चीन और सिंगापुर के साथ रखा गया है।



### संभावित खिलाड़ी

**गोलकीपर** : सविता, रजनी एतिमारपू, बीचू देवी खारीबाम, बंसारी सोलंकी। **डिफेंडर** : दीप ग्रेस एक्का, गुरजीत कौर, निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, अक्षता अबासो ढेकाले, ज्योति छत्री, महिमा चौधरी। **मिडफील्डर**: निशा, सलीमा टेटे, सुशीला चानू पुखरांबम, ज्योति, नवजोत कौर, मोनिका, मारियाना कुजूर, सोनिका, नेहा, बलजीत कौर, रीना खोखर, वैष्णवी विठ्ठल फाल्के, अजमीना कुजूर। **फॉरवर्ड**: लालरेमसियामी, नवनीत कौर, वंदना कटारिया, शर्मिला देवी, दीपिका, संगीता कुमारी, मुमताज खान, सुनेलिता टोप्पो, ब्यूटी डुंगडुंग।

---

# टोरंटो सेमीफाइनल में पहुंचे पॉल और मिनॉर



एजेंसी ▶▶| टोरंटो

*अमेरिका के टॉमी पॉल ने शीर्ष रैंकिंग खिलाड़ी और विंबलडन चैंपियन कार्लोस अल्काराज को और आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एलेक्स डि मिनॉर ने दूसरे वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव को हराकर नेशनल बैंक ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पॉल ने 20 वर्षीय स्पेनिश स्टार अल्काराज को 6-3, 4-6, 6-3 से शिकस्त दी जबकि डि मिनॉर ने मेदवेदेव को 7-6 (7), 7-5 से पराजित किया।*

*मिनॉर की भिड़ंत स्पेन के एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना से होगी जिन्होंने अमेरिका के मैकेंजी मैकडोनल्ड को शुरुआती क्वार्टरफाइनल में 6-4, 6-2 से शिकस्त दी।*

---

## आस-पास सितारा

# तालेड़ा कैफेटेरिया का नवकार मंत्रोचार के साथ हुआ भूमि पूजन





सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में स्व.सेठ लक्ष्मी चंद- उगमकंवर तालेड़ा जयपुर एवं स्व.सेठ मिठ्ठालाल - पुष्पा बाई तालेड़ा चैन्नई की प्रेरणा से बहुप्रतीक्षित ह्यह्यतालेड़ा कैफेटेरियाह्नह्न का महाविद्यालय छात्राओं के उपयोगार्थ वातानुकूलित, हाईजैनिक मॉड्यूलर किचन, सेफ्टी कुकिंग प्लांट सहित दो मंजिला कैफेटेरिया का भूमि पूजन नवकार मंत्रोचार के साथ किया गया ।

वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा इस अवसर पर भामाशाह परिवार व अतिथियों का अभिनंदन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया ।जयपुर निवासी भामाशाह माणक चन्द तालेड़ा का स्वागत व अभिनंदन वरिष्ठ उपाध्यक्ष एम. गौतम चंद बोहरा, मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख एवं प्राचार्य डॉ. आर. सी. लोढ़ा ने माल्यार्पण एवं शॉल ओढ़ाकर किया । वर्द्धमान शिक्षण समिति के उपाध्यक्ष (प्रथम) गौतम चन्द गौखरु, उपाध्यक्ष (द्वितीय) प्रकाश चन्द गदिया,एवं प्रबन्धकारिणी के सदस्य देवराज लोढ़ा व धनपत राज श्रीश्रीमाल द्वारा भामाशाह तालेड़ा को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया उगमकंवर तालेड़ा का अकादमिक प्रभारी डॉ. नीलम लोढ़ा ने माल्यार्पण कर एवं शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया ।

वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख ने अपने उद्बोधन में भामाशाह परिवार के शिक्षण सहयोग के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए शिक्षण संस्थान व शिक्षा के क्षेत्र में तालेड़ा परिवार द्वारा उदारतापूर्वक किए गए योगदान पर प्रकाश डाला । प्राचार्य डॉ. आर. सी. लोढ़ा ने भामाशाह परिवारों के सहयोग से निरन्तर विकास की ओर अग्रसर महाविद्यालय की भौतिक एवं शैक्षणिक प्रगति का उल्लेख किया ।

---

# अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर यूथ ने ली मतदान की शपथ



सितारा न्यूज नेटवर्क

**यूथ चला बूथ की थीम पर सेंट जेवियर्स कॉलेज में हुआ आयोजन**

**जयपुर।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर जयपुर के बगरू स्थित सेंट जेवियर्स कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। राजस्थान सरकार के निर्वाचन विभाग के सहयोग से आयोजित हुए समारोह में ईवीएम हैंड्स-ऑन-ट्रेनिंग सत्र का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित के निर्देशन में यूथ चला बूथ थीम पर आयोजित हुए कार्यक्रम में नव मतदाताओं को ईवीएम एवं वीवीपैट के व्यवहारिक ज्ञान हेतु प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान युवा मतदाताओं ने मॉक पोलिंग के जरिये ईवीएम की कार्यप्रणाली को करीब से जाना। बगरू विधानसभा क्षेत्र की निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी अनुराधा गोगिया ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को मतदान की शपथ दिलाई एवं आगामी विधानसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। समारोह में कॉलेज के आसपास के क्षेत्र महापुरा, लाल्या का बास, नेवटा के कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में निर्वाचन विभाग के स्वीप सलाहकार शिखा सोनी, सुधीर सोनी, जिला स्वीप कॉर्डिनेटर डॉ. स्निग्धा शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोगों ने शिरकत की।

---

# माचाड़ी के भैरू कोठी मंदिर पर संगीतमय श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ कल

***14 से आगामी 20 अगस्त तक होगा श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन***

सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर जिले के माचाड़ी कस्बे के रैणी मार्ग से पाडा.बैरेर रोड पर स्थित भरूकोठी के मंदिर पर श्री श्री 108 श्री महंत माधव दास महाराज के सानिध्य में आस-पास के समस्त ग्रामवासियों व भक्तगणों के सहयोग से संगीतमय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ सोमवार से पंडित हरिओम प्रधान शास्त्री के मुखारविंद से 14 अगस्त से शुरू किया जाएगा। श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के शुभारंभ से पहले नगेंश्वर धाम आश्रम के श्रीमहंत माधव दास महाराज के द्वारा प्रातः 07 बजे पूजा अर्चना कराकर भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा नगेंश्वर धाम आश्रम से शुरू होगी और कस्बे के प्रमुख मार्गो से होती हुई भैरूकोठी स्थित मंदिर प्रांगण में पहुंचेगी।कलश यात्रा मंदिर प्रांगण में पहुंचने पर आचार्य पंडित हरिओम प्रधान शास्त्री द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर श्रीमतभागवत महापुराण कथा का शुभारंभ किया जाएगा और इस प्रकार से सात दिवसीय संगीतमय कथा का रोज प्रतिदिन भक्त आनंद लेंगे व 21 अगस्त 2023 सोमवार को पूजा अर्चना कर सुबह 11 बजे से भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मिडिया को यह सारी जानकारी माचाड़ी से नागपाल शर्मा के द्वारा दी गई है।



श्री माधव दास जी महाराज (श्रीमन्त )



व्यासः पं. हरिओम प्रधान शास्त्री (खेड़ली गंज वाले )

---

# अपहरण की गई नाबालिग हैदराबाद से डिटेनः पुलिस ने किया बाल कल्याण समिति के सामने पेश

सितारा न्यूज नेटवर्क

**धौलपुर।** धौलपुर से 25 जुलाई को अपहरण की गई 15 साल की नाबालिग को पुलिस ने हैदराबाद से डिटेन किया है। नाबालिग को हैदराबाद से डिटेन करने के बाद पुलिस टीम ने उसे बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया, जहां से उसे सखी वन स्टॉप सेंटर भेजा गया है।

महिला थाना प्रभारी छवि फौजदार ने बताया कि शहर के रहने वाले एक पीड़ित पिता ने थाने में मामला दर्ज कराया था। जिस मामले में बताया गया कि उसकी 15 वर्षीय नाबालिग बेटी का शहर का ही रहने वाला एक युवक रात को अपहरण कर-के अपने साथ ले गया है। नाबालिग के अपहरण का मामला दर्ज होने के बाद पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। थाना प्रभारी ने बताया कि 5 दिन पहले मुखबिर से मिली सूचना के बाद नाबालिग के हैदराबाद में होने की जानकारी सामने आई। जिस पर एएसआई वीरेंद्र सिंह, महिला कॉन्स्टेबल पूनम और हेड कॉन्स्टेबल अशोक सिकरवार को हैदराबाद रवाना किया गया। लगातार 5 दिन पीछा करने के बाद पुलिस की टीम ने नाबालिग को डिटेन कर लिया। वहीं आरोपी फरार हो गया। थाना प्रभारी ने बताया कि डिटेन की गई नाबालिग को सखी वन स्टॉप सेंटर में रखा गया है। जिसके कोर्ट में बयान दर्ज कराए जाएंगे।



गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# विदेश मंत्रालय ने दिया मुंहतोड़ जवाब, पाक विदेश मंत्री भुट्टो पूर्वाग्रह से ग्रस्त

*विदेश मंत्रालय ने एससीओ वर्चुअल मीटिंग को लेकर दिए बिलावल भुट्टो के बयान को पूर्वाग्रह से ग्रस्त करार दिया और कहा कि यह किसी एक शख्स की वजह से नहीं हुआ।*

**एससीओ वर्चुअल मीटिंगः बैठक में किसी एक फैक्टर या एक व्यक्ति की भूमिका नहीं**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने हाल ही में कहा कि शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक के लिए उनकी यात्रा ने भारत को शिखर सम्मेलन वर्चुअल मोड में आयोजित करने के लिए मजबूर किया। भुट्टो के इस बयान पर सरकार ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय ने भुट्टो की टिप्पणी को पूर्वाग्रह से ग्रस्त बताया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि किसी के लिए भी यह सोचना धृष्टता होगी कि वर्चुअल मोड में आयोजित होने वाली एससीओ बैठक में किसी एक फैक्टर या एक व्यक्ति की भूमिका रही।

भुट्टो का बयान...भारत को शिखर सम्मेलन वर्चुअल मोड में आयोजित करने के लिए मजबूर किया

भारत ने मई में गोवा में एससीओ के विदेश मंत्रियों की बैठक आयोजित की थी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था पाक को आतंकवाद की इंडस्ट्री, भुट्टो उसे देते हैं बढ़ावा



**नाइजर की स्थिति पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ये बोले**

इस बीच नाइजर में जारी हिंसा को लेकर केंद्र ने शुक्रवार को अफ्रीकी देश में रहने वाले भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द देश छोड़ने की सलाह दी है। नाइजर में रहने वाले भारतीयों की संख्या पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि वर्तमान में लगभग 250 भारतीय नाइजर में रह रहे हैं। हम चाहते हैं कि वे सभी पंजीकरण कराएं। हमें बताया गया है कि वे सुरक्षित हैं। हमारा दूतावास उन्हें देश छोड़ने के लिए रसद की सुविधा प्रदान करने की कोशिश कर रहा है।

**किसी एक शख्स के कारण नहीं वर्चुअल मीटिंग**

एससीओ शिखर सम्मेलन को लेकर उन्होंने कहा हम एससीओ शिखर सम्मेलन को वर्चुअल मोड में आयोजित करने के कारणों पर दो या तीन बार बात कर चुके हैं। किसी के लिए भी यह सोचना निश्चित रूप से अहंकारपूर्ण होगा कि इसमें किसी एक फैक्टर या एक व्यक्ति की भूमिका रही होगी।

### विदेश मंत्री ने पूर्व में साधा था बिलावल पर निशाना

बता दें कि भारत ने इस साल मई में गोवा में एससीओ के विदेश मंत्रियों की बैठक आयोजित की थी। इसमें विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाक को आतंकवाद की इंडस्ट्री और बिलावल भुट्टो को उसे बढ़ावा देने वाला बताया था। आप जानते हैं आतंकवाद के पीड़ित आतंकवाद पर चर्चा करने के लिए आतंकवाद के अपराधियों के साथ नहीं बैठते हैं।

### बड़ा मैच है, न कि युद्ध

वहीं, क्रिकेट वर्ल्ड कप के लिए भारत आने वाली पाकिस्तान क्रिकेट टीम की सुरक्षा चिंता के बारे में पूछे जाने पर अरिंदम बागची ने कहा एक अच्छा बड़ा मैच है, न कि युद्ध। पाकिस्तान की क्रिकेट टीम के साथ आईसीसी विश्व कप में भाग लेने वाले किसी भी अन्य देश की तरह ही व्यवहार किया जाएगा। जहां तक सुरक्षा का सवाल है तो यह सवाल हमारी सुरक्षा एजेंसियों और आयोजकों से पूछे जाने चाहिए।

## खबर संक्षेप

### जहाज की जल आपूर्ति में खतरनाक बैक्टीरिया



**लंदन।** ब्रिटेन की गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन पर दक्षिण-पश्चिम इंग्लैंड में एक बड़े जहां में शरण चाहने वालों को रखने की योजना को लेकर दबाव बढ़ गया है। कुछ ही दिनों पहले प्रवासियों के पहले समूह को खतरनाक बैक्टीरिया के प्रकोप के कारण उन्हें वहां से हटाना पड़ा था। मानवाधिकार समूहों ने बिब्बी स्टॉकहोम की उपयुक्तता पर सवाल उठाए थे।

### रूस ने क्रीमिया पर किए हमले को किया नाकाम



**कीव।** रूस ने मास्को से जुड़े क्रीमिया को निशाना बनाकर किए गए 20 यूक्रेनी ड्रोन के हमले को नाकाम कर दिया है। मंत्रालय ने बताया कि यूक्रेन के इस हमले में 20 में से 14 ड्रोनों को मार गिराया गया है, जबकि बाकि बचे छह को जमा कर लिया गया है। मंत्रालय के मुताबिक, इस हमले में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।

### रूसी मंत्रालय में आईफोन के इस्तेमाल पर पाबंदी



**मॉस्को।** रूस की डिजिटल डेवलपमेंट मिनिस्ट्री ने सरकारी कर्मचारियों के लिए आईफोन के इस्तेमाल पर बैन लगा दिया है। मंत्री मकसुत शाडेव ने इसकी जानकारी दी। इंटरफैक्स न्यूज एजेंसी के मुताबिक, एपल के बाकी प्रोडक्ट्स जैसे आईबुक, टैबलेट्स के इस्तेमाल पर भी रोक लगाई गई है। इन डिवाइस से कोई भी सरकारी कामकाज नहीं किया जा सकेगा।

### आतंकी पन्नू का फिर आया पोस्टर सामने



**जालंधर।** विदेश में बैठे आतंकियों की हत्या के बाद से बुरी तरह बौखलाए भारत के मोस्टवांटेड खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की संस्था सिख फॉर जस्टिस ने एक बार फिर से इनामी पोस्टर जारी किया है। कनाडा में दूतावास के अधिकारियों को डराने और उन पर दबाव बनाने के लिए आतंकी पन्नू पोस्टर जारी कर उनके घरों का पता पूछ रहा है।

### यूक्रेन में सभी सेना भर्ती केंद्रों के चीफ बर्खास्त



**कीव।** रूस-यूक्रेन जंग के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदोमिर जेलेंस्की ने सेना भर्ती सेंटर्स के सभी हेड्स को बर्खास्त कर दिया है। शुक्रवार को कीव में उन्होंने इसकी घोषणा की। इन 33 अफसरों पर पुरुषों से घूस लेकर उन्हें देश छोड़ने में मदद करने के आरोप हैं। पिछले साल फरवरी में जंग की शुरुआत के साथ यूक्रेन में उन पुरुषों के देश छोड़ने पर बैन लगा दिया गया था।

### वैश्विक परिदृश्य में गुटनिरपेक्ष युग से अधिक मुखर होना अब आवश्यक हो गया

# वैचारिक कारणों से अक्सर भारत के हितों की बलि दी जाती हैः जयशंकर

*राष्ट्रीय हित-संचालित दृष्टिकोण में हो रहे हैं तेजी से बदलाव*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एस. जयशंकर ने इस बात पर जोर दिया कि नरेंद्र मोदी सरकार हमेशा देश के हितों को सर्वोपरि रखते हुए दुनिया के साथ काम करती है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि अक्सर 'कुछ वैचारिक कारणों' के कारण भारत के हितों की बलि दी जाती है, उन्होंने जोर देकर कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार हमेशा देश के हितों को अपने मूल में रखते हुए दुनिया के साथ काम करती है। एक साक्षात्कार में जयशंकर ने वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में गुटनिरपेक्ष युग से अधिक मुखर और राष्ट्रीय हित-संचालित दृष्टिकोण में बदलाव पर प्रकाश डाला। जयशंकर ने गुटनिरपेक्षता के ऐतिहासिक महत्व को स्वीकार करते हुए इसे ऐसे समय में भारत की स्वतंत्रता के दावे की अभिव्यक्ति बताया जब इसकी क्षमताएं सीमित थीं। उन्होंने कहा कि जहां गुटनिरपेक्षता भारतीय विदेश नीति में एक विशिष्ट युग का प्रतिनिधित्व करती है, वहीं यह अपनी सीमाओं के साथ भी आई है।

*भारत ने गुटनिरपेक्षता के ऐतिहासिक महत्व को स्वीकार किया*

*गुटनिरपेक्षता भारतीय विदेश नीति में एक विशिष्ट युग का करती प्रतिनिधित्व*

कभी-कभी, हमें वह लाभ नहीं मिलता जो हमें मिल सकता था

भारत की विदेश नीति के पुनर्मूल्यांकन की आवश्यकता



**हम अपने समय के बड़े मुद्दों और विचारों को दे रहे हैं आकार**

उन्होंने इस परिवर्तनकारी बदलाव का एक महत्वपूर्ण हिस्सा प्रधान मंत्री नरेंद्र के नेतृत्व को दिया और अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की भूमिका के बारे में उनकी समझ, भारतीय आबादी, विशेष रूप से युवाओं में उनके विश्वास और प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने में उनकी निपुणता की सराहना की। हम बहुत अधिक सक्रिय हैं, बहुत अधिक दृश्यमान हैं। हम अपने समय के बड़े मुद्दों और विचारों को आकार दे रहे हैं। हम एक ही समय में राष्ट्रवादी और अंतर्राष्ट्रीय हैं। हम दुनिया के साथ और भी बहुत कुछ कर रहे हैं लेकिन हम हमेशा भारत के हित को केंद्र में रखकर ऐसा करते हैं। अतीत की तरह नहीं, जहां अक्सर हम किसी वैचारिक कारण से भारत के हित को किसी अन्य देश के पीछे रख देते हैं।

**पहले समय में अपने राष्ट्रीय हित को आगे नहीं रखा**

मंत्री ने कहा कि यह एक ऐसा युग था जहां हमारी क्षमताएं सीमित थीं और जहां हमने हमेशा अपने राष्ट्रीय हित को पहले नहीं रखा था। कभी-कभी, हमें वह लाभ नहीं मिलता जो हमें मिल सकता था। लेकिन वह अतीत की बात है। 1990 के दशक के दौरान सामना की गई चुनौतियों की ओर इशारा करते हुए, महत्वपूर्ण आर्थिक सुधारों की अवधि, जयशंकर ने कहा कि इन सुधारों ने आर्थिक और राजनयिक रणनीतियों के बीच अटूट संबंध को पहचानते हुए, भारत की विदेश नीति के पुनर्मूल्यांकन की आवश्यकता की।

**आर्थिक नीति और विदेश नीति भी बदलनी होगी**

उन्होंने कहा, हमें न केवल अपनी आर्थिक नीति बल्कि अपनी विदेश नीति भी बदलनी होगी क्योंकि दोनों साथ-साथ चलते हैं। जयशंकर ने देश की बढ़ी हुई क्षमताओं, आत्मविश्वास और पर्याप्त वैश्विक परिवर्तन को प्रभावित करने की क्षमता में विश्वास को रेखांकित किया। जयशंकर ने कहा आज, हम एक अलग युग में हैं - यह एक ऐसा युग है जहां हम अधिक सक्षम, अधिक आत्मविश्वासी, अधिक महत्वाकांक्षी हैं, हमें लगता है कि हम एक बड़ा बदलाव ला सकते हैं। यह एक ऐसा समय भी है जो अधिक वैश्वीकृत है। ताकि चुनौतियाँ अलग हों।

### समुद्री सहयोग को मजबूत करने की पहल

# भारतीय नौसेना ने किया यूएई की नौसेना के साथ युद्धाभ्यास



एजेंसी/ नई दिल्ली।

भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने समुद्री सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। दोनों देशों ने यूएई के समुद्री क्षेत्र में द्विपक्षीय नौसैनिक समुद्री साझेदारी अभ्यास करने की पहल की है। यह अभ्यास आज भारतीय नौसेना के दो जहाजों आईएनएस विशाखापट्टनम और आईएनएस त्रिखंड की भागीदारी के साथ किया जा रहा है। नौसेना ने शनिवार को बताया कि इस संयुक्त युद्धाभ्यास की योजना 8 अगस्त को पोर्ट राशिद दुबई पर जहाजों के आगमन के बाद दो दिनों में सावधानीपूर्वक बनाई गई है। इस अभ्यास का उद्देश्य भारत तथा यूएई की नौसेनाओं के बीच तालमेल और अंतर संचालनीयता को बढ़ावा देना है। साथ ही मजबूत पेशेवर संबंधों को विकसित करते हुए सामरिक, तकनीकी और एक दूसरे की नौसेनाओं को प्रशिक्षित करने की प्रक्रिया को बढ़ावा देना भी है। पश्चिमी बेड़े के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग रियर एडमिरल विनीत मैक्कार्थी की कमान में यह अभ्यास समुद्री चुनौतियों से संयुक्त रूप से निपटने के लिए दोनों देशों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। आईएनएस विशाखापट्टनम की कमान कैप्टन अशोक राव संभाल रहे हैं।

**सबसे बड़े विध्वंसक युद्धपोतों में से एक**

यह युद्धपोत भारतीय नौसेना के सबसे बड़े विध्वंसक युद्धपोतों में से एक है। यह पूरी तरह से स्वदेशी युद्धपोत है। जिसका निर्माण मझगांव डॉकयार्ड लिमिटेड ने किया है। आईएनएस त्रिखंड की कमान कैप्टन प्रमोद जी थॉमस संभाल रहे हैं। आईएनएस त्रिखंड एक उन्नत स्टेल्थ युद्धपोत है। जिसे नौसेना में 2013 में शामिल किया गया था।

## जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे पीएम अल्बानीस, ऑस्ट्रेलिया सरकार ने की पुष्टि

एजेंसी/ नई दिल्ली।

ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंटनी अल्बानीस अगले महीने 9 से 10 सितंबर तक राजधानी दिल्ली में आयोजित किए जाने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। इसकी पुष्टि शनिवार को ऑस्ट्रेलिया की सरकार की तरफ से की गई है। अल्बानीस की यह भारत यात्रा उनके तीन देशों के दौरे का हिस्सा होगी। जिसमें वह भारत के अलावा इंडोनेशिया और फिलीपींस भी जाएंगे।

**जी-20 समूह में शामिल देश**

जी-20 समूह दुनिया की प्रमुख विकसित और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का एक मंच है। इसके सदस्य वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 85 फीसदी, अंतरराष्ट्रीय व्यापार का 75 फीसदी से अधिक तथा वैश्विक जनसंख्या के लगभग दो तिहाई हिस्से का प्रतिनिधित्व करते हैं। समूह में भारत, अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मेक्सिको, रुस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ शामिल हैं।

**आर्थिक सहयोग का प्रमुख मंच**


जी-20 वैश्विक आर्थिक सहयोग के लिए दुनिया का प्रमुख मंच है। इसमें शामिल होने वाले नेता अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूत, टिकाऊ और लचीले विकास को वापस लाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। उधर ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंटनी अल्बानीस ने कहा कि यह पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है कि ऑस्ट्रेलिया साझा चुनौतियों और अवसरों के समाधान के लिए जी-20 जैसे बहुपक्षीय मंचों सहित अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ मिलकर काम कर रहा है।

### खाली कराया इलाका, तलाशी में जुटा बम निरोधक दस्ता

## विश्व प्रसिद्ध एफिल टॉवर को बम से उड़ाने की मिली धमकी

एजेंसी ▶▶ पेरिस

फ्रांस की राजधानी पेरिस के सबसे प्रमुख प्रतीक एफिल टॉवर को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। शनिवार को मिली इस धमकी के बाद जारी सुरक्षा चेतावनी के कारण मध्य पेरिस में एफिल टॉवर की तीन मंजिलों को खाली करा लिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक बम निरोधक दस्ते की एक टीम जांच के लिए घटनास्थल पर पहुंच गई है। एफिल टॉवर दुनिया के सबसे लोकप्रिय पर्यटक स्थलों में से एक है, जिसने पिछले साल ही 62 लाख आगंतुकों को आकर्षित किया। हालांकि दोपहर 1:30 बजे के तुरंत बाद आगंतुकों को तीनों मंजिलों और स्मारक के नीचे के चौक से हटा दिया गया।



**इस तरह की स्थिति में यह एक सामान्य प्रक्रिया**

रिपोर्ट के मुताबिक, इस जगह की संचालन करने वाली वाली संस्था एसईटीई ने कहा कि बम निरोधक एक्सपर्ट्स के साथ-साथ पुलिस भी एक मंजिल पर स्थित एक रेस्तरां सहित पूरे क्षेत्र की तलाशी ले रही है। एसईटीई के प्रवक्ता ने कहा, 'इस तरह की स्थिति में यह एक सामान्य प्रक्रिया है, जो हालांकि दुर्लभ है।

### श्रीनगर एयरबेस पर मिग-29 तैनात

## श्रीनगर एयरबेस पर मिग 29 तैनात, सीमा तक पहरा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान और चीन की चुनौती से निपटने के लिए श्रीनगर में अपग्रेडेड मिग-29 बेड़े को तैनात कर दिया है। यह स्क्वाड्रन मिग -21 की जगह लेगी। मिग -29 स्क्वाड्रन की यह तैनाती इसलिए अहम मानी जा रही है क्योंकि यह एयरबेस चीन और पाकिस्तान से करीब है। साथ ही यह बेड़ा दोनों ही देशों से मिलने वाली चुनौती का जवाब देने में सक्षम है। बता दें कि ये मिग -29 अपग्रेड किए हैं। यह एयर टु एयर मिसाइल, हवा में ईंधन भरने की क्षमता और नाइट विजन फीचर्स से लैस है। एयर टू एयर रिफ्यूलिंग की वजह से इसका रेंज काफी बढ़ जाता है।

**चीन और पाक दोनों जद में**

श्रीनगर कश्मीर घाटी के बीच में है और यह काफी ऊंचाई पर भी है। ऐसे में सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा की लिहाज से यहां के एयरबेस का अच्छा इस्तेमाल किया जा सकता है। अधिकारी ने कहा कि लॉन्ग रेंज मिसाइलों को फायर करने के लिए यह अच्छी जगह है। मिग-29 मिसाइल से लैस होगा और दोनों ही मोर्चों पर इसकी आसान पहुंच होगी। किसी भी वक्त यहां से पाकिस्तान और चीन से आने वाले खतरे का जवाब दिया जा सकता है।

**मिग-21 से काफी एडवांस मिग-29**

मिग-29 के स्क्वाड्रन को सेना में डिफेंडर ऑफ द अर्थ कहा जाता है। यह विमान रात में भी ऑपरेशन को अंजाम दे सकता है। इसके अलावा दुश्मन के लड़ाकू विमान को जैम करने की क्षमता रखता है। 2019 में बालाकोट हवाई हमले के बाद पाकिस्तान के आतंकी शिविरों पर बमबारी करने में इस विमान की मदद ली गई थी। इसके अलावा एफ-26 को मार गिराने में भी मिग-21 सफल रहा था। पहले मिग-29 में एयर टु ग्रांउड वेपनरी नहीं था, लेकिन अब इसे जोड़ दिया गया है। मिग-29 विमान अब श्रीनगर से लद्दाख तक गश्त करते रहेंगे। अगर चीन या पाकिस्तान की तरफ से कोई गलत हरकत की जाती है तो सबसे पहले मिग-29 उसका जवाब देंगे। जम्मू-कश्मीर के अवंतीपोरा में हल्के लड़ाकू विमान तेजस एमके01 को तैनात किया गया है।

### 14 हजार लोगों को सुरक्षित जगह भेजा, किया निष्क्रिय

# पोलैंड में मिला वर्ल्ड वॉर-2 का 250 किलो वजनी बम

एजेंसी ▶▶ लुबलिन

पोलैंड के लुबलिन शहर में दूसरे विश्व युद्ध के समय का बम मिला है। इसके बाद शहर में करीब 14 हजार लोगों को अस्थायी रूप से घर छोड़ने का आदेश दिया गया। लोगों को स्कूलों और दूसरी बिल्डिंग में शिफ्ट किया गया। साथ ही उन्हें घरों में बिजली से चलने वाले सभी इक्विपमेंट्स, पानी और गैस को बंद करने के लिए कहा गया। कंस्ट्रक्शन साइट पर मिले इस बम का वजन 250 किलो था। इसके बाद बॉम्ब स्क्वॉड ने बम को हटाकर इसे डिफ्यूज कर दिया। खतरा टलने के बाद लोगों को फिर से घर जाने की इजाजत मिल गई। पोलैंड में इससे पहले भी कई बार दूसरे विश्व युद्ध के समय के बम मिल चुके हैं।



**जर्मनी में भी मिला था 500 किलो का अमेरिकी बम**

कुछ दिन पहले भी ऐसा ही एक मामला जर्मनी में सामने आया था, जहां डसलडॉर्फ शहर में 500 किलोग्राम का बम बरामद हुआ था। इस तरह का बम वर्ल्ड वॉर 2 के समय अमेरिका इस्तेमाल करता था। बम मिलने के बाद 13 हजार लोगों को अस्थायी रूप से स्कूलों में शिफ्ट किया गया था।

**पोलैंड में पहले भी मिल चुके हैं ऐसे बम**

इससे पहले पिछले महीने भी एक स्कूल के रेनोवेशन के वक्त तोपखाने के कुछ गोले मिले थे। वहीं पिछले साल पोलैंड की राजधानी वॉरसॉ में 500 किलो का बम मिला था, जिसके बाद 30 हजार लोगों को अस्थायी रूप से घर छोड़ना पड़ा था। वहीं अक्टूबर 2020 में पोलैंड में मिला वर्ल्ड वॉर 2 का सबसे बड़ा ब्रिटिश बम डिफ्यूज करने की कोशिशों के दौरान फट गया था। ये एक शिपिंग कैनल में फटा था। हालांकि इससे कोई नुकसान नहीं हुआ था। ब्लास्ट से पहले ही स्विनॉजशे शहर से 750 लोगों को दूसरी जगह शिफ्ट किया गया था।

**कैसे और कब शुरू हुआ था दूसरा विश्व युद्ध**

1 सितंबर 1939 को द्वितीय विश्व युद्ध की शुरुआत हुई थी। करीब 6 साल चले इस युद्ध में 7 से 8 करोड़ लोग मारे गए थे। 1 सितंबर को एडोल्फ हिटलर की अगुआई में जर्मनी ने कब्जे की मंशा से पोलैंड पर हमला कर दिया था। इस हमले से बौखलाए ब्रिटेन और फ्रांस पोलैंड की मदद के लिए आगे आए। इसके बाद जर्मनी के पक्ष में इटली और जापान जबकि पोलैंड के साथ फ्रांस, ब्रिटेन, अमेरिका, सोवियत संघ और कुछ हद तक चीन आमने-सामने आ गए।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com